वर्ष 24, अंक 276, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 15 अप्रैल 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करते समय पीएम मोदी हुए भावुक




# 'ऐसा दृश्य मैंने अपने जीवन में पहले कभी नहीं देखा'



**उत्तराखंड**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड दौरा इस बार ऐतिहासिक बन गया, जब उन्होंने अपने अब तक के सबसे बड़े रोड शो का जिक्र करते हुए राज्य की जनता का आभार जताया. प्रधानमंत्री देहरादून पहुंचे थे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए, लेकिन यह दौरा केवल एक सरकारी कार्यक्रम तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जनसमर्थन के अभूतपूर्व प्रदर्शन का गवाह बन गया.

देहरादून पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत किया गया. खास बात यह रही कि लगभग 12 किलोमीटर लंबे रास्ते में लोग उनके स्वागत के लिए सड़कों के दोनों ओर खड़े रहे. जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाए, नारे लगाए और हाथ हिलाकर अपने नेता का अभिवादन किया. प्रधानमंत्री मोदी भी इस उत्साह से अभिभूत नजर आए और पूरे रास्ते लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए आगे बढ़ते रहे.

मोदी ने रोड शो बताया ऐतिहासिक

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में इस रोड शो को अपने जीवन का अब तक का सबसे बड़ा रोड शो बताया. उन्होंने कहा कि उन्होंने देशभर में कई रोड शो किए हैं, लेकिन देहरादून में जो जनसैलाब उमड़ा, वह अभूतपूर्व है. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वह कार्यक्रम स्थल पर लगभग एक घंटा देरी से पहुंचे, और इसकी वजह यही रही कि 12 किलोमीटर तक लोगों का प्यार और स्वागत स्वीकार करने में समय लग गया.

उन्होंने कहा, ह्लमैं आज एक घंटे लेट हूं, लेकिन यह देरी मेरे लिए सौभाग्य की बात है. 12 किलोमीटर तक लोग मेरे स्वागत के लिए खड़े रहे, मैं उनका अभिवादन करते हुए यहां तक पहुंचा. ऐसा दृश्य मैंने अपने जीवन में पहले कभी नहीं देखा.ह्व

डाट काली मंदिर में की पूजा

अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने डाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना भी की और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की. इसके बाद उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तराखंड की जनता की जमकर तारीफ की और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की सराहना की.

## मैं आपसे माफी मांगता हूं

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (14 अप्रैल 2026) को करीब 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से बने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उदघाटन किया. छह लेन वाले 213 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे से दोनों शहरों के बीच का सफर ढाई घंटे का रह जाएगा. पीएम मोदी ने इससे पहले देहरादून में रोड शो किया जिसमें उन्हें देखने के लिए सड़क के दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी.

पीएम मोदी ने लोगों से क्यों मांगी माफी?

पीएम मोदी ने कहा, 'सबसे पहले तो मैं आप सबसे मांफी मांगता हूं. उत्तर प्रदेश और दिल्ली के कार्यकम में जुड़े हुए लोगों से भी क्षमा मांगता हूं. मुझे यहां पहुंचने में एक घंटे से भी ज्यादा देर हो गई. आप लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा. मैं निकला तो समय पर ही था, लेकिन करीब-करीब 12 किलोमीटर के रोड शो दौरान इतना उत्साह था कि तेज गाड़ी चलाना मुश्किल हो गया. धीरे-धीरे बढ़ते हुए लोगों का आशीर्वाद लेते हुए यहां पहुंचने में मुझे 1 घंटे से भी ज्यादा देर हो गई.'

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे बड़ी उपलब्धिः पीएम मोदी



पीएम मोदी ने कहा, 'उत्तराखंड अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर 26वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है. आज दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के साथ इस प्रगति में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ी है. बाबा केदार के दर्शन के बाद मेरे मुंह से अनायास निकला था कि इस शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा. मुझे बहुत खुशी है कि डबल इंजन सरकार की नीतियों और उत्तराखंड के लोगों के परिश्रम से यह युवा राज्य विकास के नए आयाम जोड़ रहा है. यह प्रोजेक्ट भी प्रदेश की प्रगति को नई गति देगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के लोग देशभक्ति, विकास और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रतीक हैं. उन्होंने राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की भी सराहना की और विश्वास जताया कि उत्तराखंड तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है.

यह पूरा कार्यक्रम न केवल विकास परियोजनाओं के लोकार्पण के लिए महत्वपूर्ण रहा, बल्कि यह भी साबित हुआ कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति लोगों का उत्साह और समर्थन लगातार बढ़ रहा है. देहरादून में हुआ यह 12 किलोमीटर लंबा रोड शो अब तक का सबसे बड़ा रोड शो बनकर सामने आया, जिसने एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया और उत्तराखंड की जनता के उत्साह को देशभर में चर्चा का विषय बना दिया।

## पाटलिपुत्र को मिला नया 'सम्राट', 75 साल बाद राज्य में बीजेपी का सीएम

**बिहार**

**बिहार** में नई सरकार के गठन को लेकर आज बड़ा दिन है। नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार प्रदेश में पहली बार बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार के लिए रास्ता बनाने बना दिया। इसी के साथ बीजेपी ने नए मुख्यमंत्री का चेहरा तय कर लिया है। सम्राट चौधरी भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए।

भाजपा विधायक दल की बैठक केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य पार्टी नेता भाजपा विधायक दल की बैठक में शामिल हुए। बिहार के मुख्यमंत्री पद से नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद बिहार भाजपा अपने विधायक दल के नेता का चुनाव करने जा रही है।

मेरे मार्गदर्शन में चलेगी नई सरकारः नीतीश कुमार

नीतीश कुमार ने एक्स पर एक पोस्ट में नीतीश कुमार ने कहा आप जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को राज्य में पहली बार



एन०डी०ए० सरकार बनी थी। तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के काम में लगे हुए हैं। सरकार ने शुरू से ही सभी तबकों का विकास किया है चाहे हिंदू हो, मुस्लिम हो, अपर कास्ट हो, पिछड़ा हो, अति पिछड़ा हो, दलित हो, महादलित हो- सभी के लिए काम किया गया है। हर क्षेत्र में काम हुआ है चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो, कृषि हो। महिलाओं एवं युवाओं के लिए भी बहुत काम किया गया है। इन दिनों काम को और आगे बढ़ाया गया है। अगले पाँच वर्षों यानि 2025 से 2030 के लिए 7 निश्चय-3 का गठन किया गया है। इससे और ज्यादा काम होगा जिससे बिहार काफी आगे बढ़ेगा। बिहार के विकास में केन्द्र का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का नमन करते हैं। बिहार और तेजी से विकसित होगा और देश के टॉप राज्यों में शामिल हो जाएगा तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। हमने बिहार के लोगों के लिए बहुत काम किया है। इतने दिनों से हमने लगातार लोगों की सेवा की है। हमने तय किया था कि अब मुख्यमंत्री का पद छोड़ देंगे और इसलिए आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद माननीय राज्यपाल से मिलकर उन्हें इस्तीफा सौंप दिया। अब नई सरकार यहाँ का काम देखेगी। नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहेगा। आगे भी बहुत अच्छा काम होगा तथा बिहार बहुत आगे बढ़ेगा। सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ तथा शुभकामनाएं देता हूँ।

## 'तमिलनाडु नहीं रहेगा चुप', परिसीमन पर स्टालिन की मोदी सरकार को खुली चेतावनी

**तमिलनाडु**

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रस्तावित परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोला है. उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि अगर इस प्रक्रिया से तमिलनाडु या दक्षिणी राज्यों के हितों को नुकसान पहुंचा तो राज्य में बड़े पैमाने पर आंदोलन होगा और पूरा प्रदेश ठप हो सकता है.

एमके स्टालिन ने 14 अप्रैल को वीडियो जारी कर कहा, 'इस समय मैं केंद्र की बीजेपी सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कुछ महत्वपूर्ण बात कहना चाहता हूं. संसद सत्र में हमारे सांसद भाग लेंगे. अगर ऐसा कुछ भी किया जाता है।

## मित्रों पर नहीं, मजदूरों पर महंगाई की मार- राहुल



**नोएड**

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कारखाना श्रमिकों का समर्थन किया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि सोमवार को नोएडा में जो हुआ वह देश के श्रमिकों की अंतिम पुकार थी। नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन भड़क उठे।

प्रदर्शन के कुछ हिस्सों में हिंसा भड़की और आगजनी व तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं, जिसके बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लाया। राहुल ने श्रमिकों की मांग का समर्थन करते हुए ट्विटर पर एक लंबा पोस्ट लिखा, जिसमें उन्होंने मोदी सरकार द्वारा उनकी मांगों को नजरअंदाज करने की कड़ी आलोचना की।

राहुल ने लिखा कि कल नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वो इस देश के श्रमिकों की आखिरी चीख थी - जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते-मांगते थक गया। नोएडा में काम करने वाले एक मजदूर की ?12,000 महीने की तनख्वाह, ?4,000-7,000 किराया। जब तक ?300 की सालाना बढ़ोतरी मिलती है, मकान मालिक ?500 सालाना किराया बढ़ा देता है। तनख्वाह बढ़ने तक ये बेलगाम महंगाई ज़िंदगी का गला घोंट देती है, कर्ज. की गहराई में डुबा देती है - यही है विकसित भारत का सच। एक महिला मजदूर ने कहा गैस के दाम बढ़ते हैं, पर हमारी तनख्वाह नहीं।ह्व इन लोगों ने शायद इस गैस संकट के दौरान अपने घर का चूल्हा जलाने के लिए ?

5000 का भी सिलेंडर खरीदा होगा। यह सिर्फ. नोएडा की बात नहीं है। और यह सिर्फ. भारत की भी बात नहीं है। दुनियाभर में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं - पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से सप्लाई चेन टूट गई है।

## 'वी ऑल लव यू', इस्लामाबाद टॉक्स फेल और होर्मुज ब्लॉकेड के बीच पीएम मोदी-ट्रंप के बीच 40 मिनट तक बात

**नई दिल्ली**

**मिडिल** ईस्ट टेंशन और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर अमेरिकी नाकेबंदी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (14 अप्रैल 2026) को डोनाल्ड ट्रंप से बात की. दोनों नेताओं को बीच करीब 40 मिनट तक बात हुई. सीजफायर और इस्लामाबाद टॉक के बाद दोनों नेताओं ने बात की है. पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उन्हें कॉल किया था.



किन-किन मुद्दों पर पीएम मोदी और ट्रंप के बीच हुई बात

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया, 'मेरे मित्र राष्ट्रपति ट्रंप का फोन आया. हमने अलग-अलग क्षेत्रों में हमारे द्विपक्षीय सहयोग में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की. हम सभी क्षेत्रों में अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. हमने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खुला और सुरक्षित बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया.'

पीएम मोदी के लिए ट्रंप का संदेश

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के अनुसार ट्रंप ने पीएम मोदी से कहा कि वे यह बताना चाहते हैं कि अमेरिका भारत से प्यार करता है. सर्जियो गोर ने कहा, 'हमारी बातचीत बहुत अच्छी और काम की रही. आगे क्या होने वाला है, इसके लिए जुड़े रहें।

## वेदांता पावर प्लांट में फटा बॉयलर, 9 मजदूरों की मौत, कई गंभीर

**छत्तीसगढ़**

**छत्तीसगढ़** के शक्ति जिले से एक दुखद खबर सामने आई है। यहां के सिंघी तराई इलाके में स्थित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे एक जोरदार धमाका हुआ। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, प्लांट के बॉयलर में अचानक ब्लास्ट होने से वहां काम कर रहे मजदूरों के बीच चीख-पुकार मच गई। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 9 मजदूरों की जान जा चुकी है, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं।

राहत और बचाव कार्य तेज

हादसे की सूचना मिलते ही डभरा थाना पुलिस, दमकल विभाग और जिला प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। शक्ति जिले के एसपी प्रफुल ठाकुर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घायलों को इलाज के लिए फौरन रायगढ़ के नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। प्लांट परिसर में मची अफरा-तफरी को देखते हुए अन्य कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

मजदूरों की हालत नाजुक

धमाका इतना शक्तिशाली था कि कई मजदूर बुरी तरह झुलस गए हैं।

## प्रयागराज की 4 साल की सत्या का कमाल, 21 मिनट में पार किया यमुना, नन्हीं तैराक से बढ़ीं उम्मीदें

**प्रयागराज**

**उत्तर** प्रदेश के जनपद प्रयागराज में महेवा पश्चिम क्षेत्र में रहने वाली महज 4 साल की बच्ची सत्या भारती ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जो आमतौर पर बड़े-बड़े तैराकों के लिए भी चुनौतीपूर्ण माना जाता है. सत्या ने यमुना नदी को तैरकर महज 21 मिनट 28 सेकंड में पार कर लिया. इस ऐतिहासिक तैराकी की शुरूआत शनिवार की सुबह ठीक 7 बजे हुई. नन्ही सत्या ने पूरे आत्मविश्वास और साहस के साथ यमुना की तेज धाराओं को मात देते हुए नदी के एक छोर से दूसरे छोर तक तैरकर सभी को चौंका



दिया. सत्या की इस उपलब्धि का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग उसकी हिम्मत और जज्बे की जमकर सराहना कर रहे हैं. बच्ची के कोच के साथ उसके माता-पिता खासा उत्साहित हैं. सत्या, देवेंद्र कुमार की बेटी है और वह पिछले कुछ समय से अपने कोच त्रिभुवन निषाद से नियमित रूप से तैराकी का प्रशिक्षण ले रही है।

# योगी को देखने दौड़ पड़ा पूरा बंगाल

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** में पीएम मोदी के बाद अब सीएम योगी ने तहलका मचा दिया है। पीएम मोदी और सीएम योगी को देखने के लिए पश्चिम बंगाल में इतनी भीड़ है कि कुर्सियां कम पड़ गई हैं। बंगाल के हिंदू पीएम मोदी और सीएम योगी को देखकर रो रहे हैं। कश्मीर हो या बंगाल मोदी योगी को देखने के लिए जन सैलाब टूट पड़ता है। इसी कड़ी में सीएम योगी ने बंगाल में ऐसे पांच बयान दिए हैं जो चुनावों का रुख बदल सकते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी बड़ी मुश्किल में फंसती दिख रही हैं। पांचों बयान छोटे-छोटे हैं लेकिन आपके रोंगटे खड़े कर देंगे। सीएम योगी ने कहा कि आज कोलकाता का मेयर आपको चुनौती देता है। कहता है कि बंगाल की आधी आबादी उर्दू बोलेगी। यानी बांग्ला को समाप्त करना चाहते हैं। बंगाली को समाप्त करना चाहते हैं।

यह इनकी टीएमसी की साजिश को सफल नहीं होने देना है। उनको बोलो जो लोग कहते हैं कि यहां उर्दू बोली जाएगी। उनको बोलो उर्दू जहां बोली जाती वहां जाओ। बंगाल में बंग ही बोली जाएगी। यहां की बहन और बेटियों के साथ यहां के नौजवानों के रोजगार के साथ जो भी खिलवाड़ करेगा उत्तर प्रदेश का बुलडोजर उसको ठीक ढंग से जवाब दे देगा। यूपी का बुलडोजर केवल वह सड़क ही नहीं बनाता है। माफिया का भी इलाज करता है। और ये बुलडोजर वहीं चल सकता है जहां डबल इंजन की स्पीड हो।

सीएम योगी ने कहा कि आज बंगाल की

### इन 5 बयानों ने पलट दिया पूरा चुनाव



डेमोक्रेसी को चेंज किया जा रहा है। किस प्रकार की स्थितियां बंगाल में पैदा की जा रही है। मालदा, मुर्शिदाबाद, दिनाथपुर, नादिया, वीरभूमि, हावड़ा जैसे कई ऐसे जनपद हैं जहां हिंदू शून्य करने का षड्यंत्र हो रहा है। हिंदुओं को पूरी तरह समाप्त करने की साजिश हो रही है। नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में है सब चंगा। जितने माफिया थे वे सब माफिया जहन्नुम की यात्रा में चले गए। ममता दीदी को राम नाम से नफरत है। रामनवमी की शोभा यात्रा नहीं निकलने देती है। नहीं निकलने देती है। दुर्गा पूजा में व्यवधान पैदा करती है। ईद के अवसर पर सरेआम गौ हत्या करने की छूट देती है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को घुसपैठ करवाती है। बांग्लादेश के अंदर निर्दोष हिंदुओं की हत्या पर मौन रहती है। लेकिन डबल इंजन की भाजपा की सरकारें स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

# बाबा साहब के आदर्शों को जीवन में उतारकर सशक्त समाज का निर्माण करें : वासुदेव यादव

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती चनेथू डीह गांव में धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य वासुदेव यादव ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने बाबा साहब को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कहा कि डॉ. अंबेडकर एक विचारधारा हैं, जिन्होंने समाज को समानता, न्याय और बंधुत्व का मार्ग दिखाया। डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और देश के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान के रूप में देश को एक मजबूत और न्यायपूर्ण आधार दिया, जिससे सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश यादव जिला उपाध्यक्ष सपा, एडवोकेट अनुराधा अंबेडकर ने बाबा साहब के विचारों को आज के समाज के लिए प्रासंगिक बताया उन्होंने कहा कि उनके आदर्शों को जीवन में उतारकर एक समरस और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है, बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने तथा समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रताप शुक्ल लीडर एवं संचालन डॉ. उदयराज ने किया। इस अवसर पर विनय यादव, राकेश यादव, जज्जे यादव, बृजलाल यादव, बाबुलनाथ, भगवंत प्रसाद, छोटेलाल, बृजलाल पोस्टमैन, लालमनि, अभयराज, विजय बहादुर, राम बहादुर, राजेश कुमार, राम सजीवन कनौजिया, संरक्षक कड़ेदीन, निर्देशक वेदप्रकाश निराला, रविशंकर गौतम, अध्यक्ष रोहित गौतम, उपाध्यक्ष विकास गौतम, धीरज गौतम, राजू निराला, रोहित पिंटू, मुलायम सिंह, पंकज गौतम, संचालक दिलीप, राजा गौतम, उदित, कृष्ण कुमार, संतोष, अनुज, कार्यकर्ता नीरज, शिवम, दिलीप, रिंकू, राहुल, प्रदीप, राजेश, सोनू, बबलू, अंबुज, सत्यम, राजित राम सदस्यों में राहुल, कृष्ण कुमार, आशीष शुभम, सूबेदार दीपक, दिनेश, महेश, सत्यप्रकाश, आदर्श, धर्मेंद्र, नितिन, आलोक, लवकुश, रवि गौतम, सुशील, जोखू, विपिन, विपिन रावण, विजय चंद्र सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# मऊआइमा मेंअम्बेडकर जयंती पर निकला भाव्य शोभा यात्रा

## गांव-गांव बाबा साहब की मूर्ति और चित्रों पर माल्यार्पण हुआ





**मऊआइमा।** डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर मंगलवार को उनके चित्र पर माल्यार्पण कर तिलई बाजार से ब्लाक चौराहा तक भाव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बाबा साहेब की नीतियों विचारों को बताया गया।तिलई बाजार से निकले भोभा यात्रा में देवानंद, राजकुमार रतन, नकुल प्रताप, लालती देवी, उषा देवी, रवि पटेल, ओमप्रकाश यादव, नीलम, कंचन, राजेंद्र, कांशीराम, रामबली आदि लोग शामिल हुए। इसी प्रकार तिलई बाजार में काशीराम रेडियो सिंगर के यहां बाबा साहब की भव्य जयंती मनाई गई। जिसमें डॉक्टर राजकुमार राही, निसार अहमद, रमेश सरोज, सोनू पासी आदि लोग मौजूद रहे तथा देवगलपुर में भी बाबा साहेब की जयंती पर कार्यक्रम में अमरेंद्र पासी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसी प्रकार क्षेत्र के अनेकों में बाबा साहेब की जयंती बडी धूमधाम से मनाई। शोभायात्रा ग्राम शाहबाजपुर से निकाली गई जो कंचनपुर होते हुए ब्लाक तीरहा, मानी मटियारी होते हुए शाहबाजपुर में खत्म हुई।इसी प्रकार सपा द्वारा ग्राम सुल्तानपुर खास, मरखामऊ में बाबा साहेब के चित्रों पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।इस अवसर पर बताया गया है बी आर अम्बेडकर ने संविधान को दो साल ग्यारह माह 18 दिन में तैयार किए।वह सभी समाज के मसीहा थे।इस अवसर पर शेखू राशिद,राम चन्द्र यादव, सतीश यादव, पंकज गौतम, मीना गौतम, काजल सरोज, श्याम बाबू सरोज, विनोद गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# चाय पान की दुकानों पर हो रही अवैध शराब और गांजे स्मैक की बिक्री

## शाम होते ही शराबियों से सजने लगती है बाजार

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** प्रयागराज। नगर पंचायत कोराव बाजार में चाय पान की दुकानों पर लगातार शराब बिक्री के सूचना पर आबकारी विभाग के सक्षम अधिकारियों ने मेजा वाली रोड पंजाब नेशनल बैंक के बगल एक दुकान समेत कई दुकानों पर दबिश दिया। हालांकि उनके पास से कोई माल बरामद नहीं हुआ है लेकिन फिर भी आबकारी विभाग प्रयागराज के द्वारा उक्त दुकानदारों को नसीहत दिया गया। गत माह भी विभाग द्वारा कार्यवाही किया गया था जिसमें माल बरामद होने पर विधिक कार्यवाही किया गया था।स्थानीय लोगों की बातों पर गौर किया जाए तो शायं से लेकर बारह बजे रात्रि तक उक्त शराब तस्करों द्वारा गैर जनपद या फिर अन्यत्र दुकानों के शराब बिक्री किया जाता है शराब बिक्री के कारण संबंधित स्थानों पर शराबियों का जमघट लगता है जिससे आने जाने वाले राहगीरों से किसी न किसी कारण वाद विवाद होता रहता है यदि शीघ्र ही अवैध शराब बिक्री करने वालो पर लगाम नहीं लगाई जाती है तो किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घट सकती है । रिहायशी ग्रामीण इलाकों में संचालित दुकानें जन मानस के लिए सरदर्द बन गई हैं। देर रात्रि तक चोरी में दुकानें चलती रहती हैं। दारू पी कर लोगों को अपशब्द बोलते हैं विरोध करने पर लाइसेंसी दुकान का हवाला देते हैं। इसी तरह भांग की दुकानें गांजा बिक्री का कार्य कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र में इस समय स्मैक के शौकीन युवा वर्ग अधिकतर दिखाई दे रहे हैं।

# डॉ. अंबेडकर ने समानता और भाईचारे को मजबूत किया : घनश्याम पांडेय

**जंघई।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मंगलवार को फूलवंती देवी प्रधान जंघई की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। मुख्य अतिथि प्रतापपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर घनश्याम पांडेय ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी डॉ. अंबेडकर विविधता लिए भारत देश को मजबूत किया साथ सभी महिलाओं और पुरुषों को अच्छी शिक्षा लेकर आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित करते हुए समानता और भाईचारे को मजबूत किया, बाबा साहब का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी गरुण पांडेय, हरिशंकर यादव, प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह, रामधारी सरोज मंडल अध्यक्ष, पिंटू मिश्र प्रधान,अशोक यादव प्रधान, संदीप गुप्ता, अरुण यादव, विकास यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश पाठक ने किया।

# बाबा साहब के विचारों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि : अशफाक अहमद

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मंगलवार को सिकन्दरा स्थित कांग्रेस कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गंगापार अशफाक अहमद ने की। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अशफाक अहमद ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल किसी एक दल या वर्ग के नेता नहीं थे, बल्कि वे पूरे राष्ट्र के मार्गदर्शक थे। उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षित समाज की जो मजबूत नींव रखी, उस पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कार्यकताओं से बाबा साहेब के ह्लशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोह्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सुनील पाण्डेय ने किया। इस अवसर निशा सिंह, शरद उपाध्याय मुन्ना, डॉ. जगत नारायण सिंह, देवराज उपाध्याय, सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, ओम प्रकाश पासी, राजेश पटेल, डॉ. अमर सिंह पटेल, सूफिया बानो, रितेश पासी, सुरेश पटेल, रमेश मौर्य, मो. फारूक, नंदू पासी, घनश्याम पटेल, पुष्पा चौधरी, उर्मिला सिंह, संगीता देवी, सुनीता देवी, रेखा देवी, मंजू देवी, फोटो देवी, हाफिज सफीक अहमद, मो. अकरम, मो. रऊफ, मो. फैयाज, सुनील कुमार, शिव प्रसाद मौर्य, बृजलाल विश्वकर्मा, मो. बकरीदी, मो. यासीन, मो. एकलाख, मो. मुसारिफ, श्याम जी धुरिया, इब्राहिम अंसारी, मो. अनम, अनवर अली, मो. अहमद, रमा शंकर यादव, मो. नसीम, ज्ञान प्रकाश मौर्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## भगवान से बड़ा भगवान् का भक्त : पं विधु शेखर त्रिपाठी



**करछना प्रयागराज।** बरदहा डा सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र के यहाँ चल रही भागवत कथा के सातवें दिन कथा ब्यास पं चिंता मणि शुक्ल जी ने राजा परीक्षित द्वारा भागवत कथा सुनकर मोक्ष की कथा विस्तार से सुनाई व्यास जी ने कहा कि कृष्ण व सुदामा बचपन के साथी थे साथ साथ पढ़े साथ साथ खेले कृष्ण स्वयं द्वारिका धीश थे जबकि सुदामा जी एक गरीब ब्राह्मण पर सुदामा जी कृष्ण भगवान् के भक्त थे व अपने भगवान् पर उन्हें पूरा भरोसा था भगवान् कृष्ण समय आने पर सुदामा जी की पूरी सहायता किया कहा गया है कि भगवान् से बड़ा भगवान् का भक्त होता है सुदामा कृष्ण की झांकी ने सब का मन मोह लिया भागवत कथा के मुख्य यजमान राजेन्द्र प्रसाद मिश्र स पत्नी भागवत भगवान् की आरती किया भागवत कथा के संयोजक डा सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र ने समस्त श्रोताओं का आभार व्यक्त किया कथा श्रवण करने वालों में पं विधु शेखर त्रिपाठी पं अरूण कुमार मिश्र पं राम कुमार पाण्डेय पं गौरव मिश्र बृजेश कुमार मौर्य (??प्रधान जी)हरिश्चन्द्र मिश्र विवेक कुमार मिश्र डा दिनेश कुमार सोनी आशीष कुमार मिश्र नागेश पाण्डेय सुरेश कुमार मिश्र राम जी सोनी ननकऊ यादव जितेंद्र कुमार मिश्र, निर्मल कुमार मिश्र त्रिभुवन नाथ पाण्डेय बिनोद कुमार पाण्डेय पंकज कुमार मिश्र विकास कुमार मिश्र कामता गुप्ता धिरेंन्द कुमार मिश्र रमेश मिश्र, गणेश कुमार मिश्र,पं गंगा धर मिश्र अनिल कुमार मिश्र राजीव मिश्र सतेन्द्र कुमार सोनी राम सिंह पूर्व प्रधान अलगू पाण्डेय विष्णू शुक्ल राम सिंह साधू मनोज कुमार मिश्र, कृष्ण चंद मिश्र, शेखर मिश्र राजा मिश्र गिरजा शंकर मिश्र, प्रकाश चंद्र मिश्र, राकेश कुमार मिश्र, रजनीश कुमार मिश्र, अभिनव कुमार मिश्र, चंदन, अभी, कृष्णा एवं समस्त आयोजक परिवार।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीला वर्णन सुनकर भाव-विभोर हुए कुढ़वां गांव के निवासी

**जंघई।** कुढ़वां गांव में मुख्य यजमान अमर बहादुर लल्लन सिंह के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से हुआ इसमें श्रद्धालु जमकर नृत्य करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की झांकी निकाली। इस मौके पर पूरा कथा परिसर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों तथा नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गूंजायमान हो उठा। कथा वाचक पूज्य राघवेंद्राचार्य महाराज श्रीधाम वृंदावन ने प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, बाललीला प्रसंग का संगीतमय वर्णन किया। महाराज ने कहा कि जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। भगवान तो कण कण में मौजूद रहते हैं भगवान श्री कृष्ण व मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का धरा पर आगमन सच्चे अर्थों में मानवता की स्थापना के लिए हुआ। जब कंस ने सारी मयार्दाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, जन्मोत्सव प्रसंग सुनकर उपस्थित श्रोता भाव विभोर हो गए। महाराज ने जड़भरत, अजामिल एवं भक्त प्रहलाद, भगवान नरसिंह, हिरण्यकश्यप वध, वामनावतार भगवान के प्रसंग का वर्णन किया। इस अवसर पर परिजनों में विभूति नारायण मुन्ना सिंह, वशिष्ठ नारायण राहुल सिंह, उत्कर्ष, अभिनव, त्रयक्ष, संजय, आशुतोष, राजा सिंह, अरविंद सिंह, बाबा सिंह एवं कथा श्रोताओं में राम लोलारख सिंह, लालमनि मिश्र, राधे मोहन पांडेय, बृजेश मिश्र, बबलू पांडेय, विकास शुक्ल, विकास इलाहाबादी, आशीष उपाध्याय सहित सैकड़ों कथा श्रोता मौजूद रहे।

## मत्स्य पालन केंद्र तरांव में नवजात शिशु का शव मिलने से मचा हड़कंप

**पसना।** कोरांव थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने ग्राम पंचायत तरांव स्थित राजकीय मत्स्य पालन केंद्र के तालाब में मंगलवार सुबह एक अज्ञात नवजात शिशु का शव मिलने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए आगे की विधिक कार्यवाही की। ग्रामीणों के मुताबिक मिले नवजात शिशु का शव दो से तीन दिन पहले का है। प्रत्यदर्शियों ने बताया कि जब पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर रही थी तो शव पूरी तरह क्षत विक्षत होता जा रहा था। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक कोराव राकेश कुमार वर्मा पंचनामा कराकर सब विच्छेदन हेतु स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज भिजवाया।

## गणितज्ञ आर्यभट्ट की जयंती की धूम,धाम से मनाई गई उनके वैज्ञानिक योगदान को किया गया याद लालापुर में




**लालापुर।** क्षेत्र के लालापुर भारतीय जन कल्याण परिषद लालापुर चौरहे कार्यलय में गणितज्ञ आर्यभट्ट विज्ञान और ज्ञान की प्राचीन भारतीय परंपरा को याद करते हुए, गुरुवार को लालापुर चौराहे पर महान खगोलशास्त्री और गणितज्ञ आर्यभट्ट की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय प्रबुद्ध वर्ग और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ?कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सचिव दीपक पाण्डेय और अकाउंटेन्ट मनोज त्रिपाठी का संबोधन रहा। उन्होंने आर्यभट्ट के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए भारत के गौरवशाली वैज्ञानिक इतिहास पर प्रकाश डाला।सचिन दीपक पाण्डेय ? अकाउंटेन्ट मनोज त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि ?आर्यभट्ट ने ही दुनिया को शून्य (0) की शक्ति से परिचित कराया, जिसके बिना आज का डिजिटल युग और आधुनिक कंप्यूटर विज्ञान संभव नहीं होता। ?उन्होंने सदियों पहले यह सिद्ध कर दिया था कि पृथ्वी गोल है और अपनी धुरी पर घूमती है, जबकि उस समय दुनिया इस तथ्य से अनजान थी। ?उनके द्वारा प्रतिपादित (पाई) का मान और खगोलीय गणनाएं आज भी आधुनिक वैज्ञानिकों को अचंभित करती हैं। ?कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि नई पीढ़ी को पाश्चात्य वैज्ञानिकों के साथ-साथ अपने देश के महान ऋषियों और वैज्ञानिकों के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। लालापुर चौराहे पर हुए इस आयोजन ने स्थानीय छात्रों और युवाओं में विज्ञान के प्रति एक नई जिज्ञासा पैदा की।इस मौके पर सचिव दीपक पाण्डेय, पत्रकार दीपचंद्र शुक्ला, पत्रकार मनोज त्रिपाठी अवधेश पाण्डेय,पप्पू गर्ग, अनूप मिश्रा, छोटू द्विवेदी, माखन पाण्डेय सहित अन्य कई लोग रहे।

# भीमराव अंबेडकर जयंती पर गुरुकुलम में याद करते दी गई श्रद्धांजलि



**सहसों।** भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान, रुदापुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के बच्चों एवं शिक्षकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष विनय उपाध्याय ने डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान न्यायविद एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक विषमताओं के खिलाफ संघर्ष करते हुए समाज को समानता, न्याय और शिक्षा का मार्ग दिखाया। उनका मानना था कि जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा, तब तक देश का समुचित विकास संभव नहीं है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से शिक्षा को प्राथमिकता देने और डॉ. अंबेडकर के विचारों एवं सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बच्चों ने भी अपने विचार व्यक्त कर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वंशिका, नीतू कुमारी, अनामिका, रितिका, नलिनी, श्वेता सहित अन्य छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# दूध से बाबा साहब की प्रतिमा का किया गया अभिषेक



**झूंसी।** रतौरा में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय महासचिव रजनीश भारती के नेतृत्व में बाबा साहेब की प्रतिमा का 21 किलो दूध से अभिषेक किया गया। इसके उपरांत कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए रजनीश भारती ने कहा कि बाबा साहेब के कारण ही आज देश को सशक्त संविधान मिला है। उन्होंने जोर दिया कि उनके विचारों को अपनाने के लिए समाज को शिक्षा की ओर बढ़ना होगा। अपने हक और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करना ही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान अभिषेक भारती, मुकेश वर्मा, सुभाष पासी, आशीष यादव और अमित वर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धार्मिक टिप्पणी मामले में 24 घंटे बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं, अधिवक्ताओं में रोष

**प्रयागराज।** करछना तहसील क्षेत्र में धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले कथित आपत्तिजनक बयान के मामले में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शिकायत के 24 घंटे बाद भी मुकदमा दर्ज न होने से अधिवक्ता समुदाय ने कड़ा रुख अपनाया है।

जानकारी के अनुसार, अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल थाना औद्योगिक क्षेत्र पहुंचकर पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपा था। इसमें आरोप लगाया गया कि दो व्यक्तियों द्वारा सोशल मीडिया मंच यूट्यूब पर धार्मिक ग्रंथ के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए भ्रामक और आपत्तिजनक बातें कही गईं। अधिवक्ताओं ने संबंधित वीडियो का लिंक और स्क्रीनशॉट को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। इसके बावजूद 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से अधिवक्ताओं में नाराजगी गहराती जा रही है। उनका कहना है कि इस तरह के बयान न केवल एक समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब को भी प्रभावित करते हैं। अधिवक्ता हन्जला फारूकी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो अधिवक्ता समुदाय आंदोलन करने को बाध्य होगा। फिलहाल, सभी की नजरें पुलिस प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

# ग्राम सभा पूरवा खास में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती

**अखंड भारत संदेश**




**करछना प्रयागराज।** जिले के यमुनापार क्षेत्र, ग्राम पंचायत पूरवा खास में बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वी जयंती। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। उपस्थित ग्रामवासियों ने उनके आदर्शों को याद करते हुए सामाजिक समरसता, समानता और शिक्षा के महत्व को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने बाबा साहेब के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके द्वारा किए गए सामाजिक सुधारों तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। ग्राम प्रधान उमाशंकर भारतीय, ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

ग्राम प्रधान बलापुर निलम पथिक ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है। युवाओं से अपील की कि वे बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज और देश के विकास में अपना योगदान दें। साथ ही सामाजिक भेदभाव को समाप्त कर एक मजबूत और समरस समाज बनाने का संदेश भी दिया गया। इस आयोजन में गांव के बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर बाबा साहेब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।, इस मौके पर, मुख्य अतिथि मानसिंह यादव, विशिष्ट राजू पासी, प्रधान उमाशंकर भारतीय, अफजल खान, बृजेश कुमार छरिबना, प्रधान संघ अध्यक्ष नीलम पथिक बलापुर, एडवोकेट नरेंद्र आदिवासी, मनोज सिंह, भगवती प्रसाद, जुनैद अहमद, श्याम बाबू, संदीप कुमार, सुधीर कुमार, आकाश, लालचंद, राजकुमार, आदि क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# अंबेडकर जयंती पर बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित, शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

**करछना प्रयागराज।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में बीपी पब्लिक स्कूल, अकोढ़ा में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को किताब, पेंसिल व कटर सहित विभिन्न शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में समाजसेवी अर्चना पासी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में बाबा साहब के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज में समानता और विकास का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने अपने हाथों से छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रबंधक रुद्र प्रताप यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। प्रिंसिपल सीमा सिंह यादव ने भी बच्चों को अनुशासन, परिश्रम और शिक्षा के महत्व के बारे में बताया तथा उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकगण भी मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा गया और उन्होंने पूरे मनोयोग से इसमें भाग लिया।

# निर्माणाधीन मकान की छत गिरी, मलबे में दबकर मजदूर की मौत, दूसरा गंभीर

अखंड भारत संदेश

**लालगोपालगंज (प्रयागराज)।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के दानियालपुर (जहीदपुर) में मंगलवार दोपहर निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से बड़ा हादसा हो गया। शटरिंग का पाया टूटने से छत भरभराकर ढह गई, जिससे मलबे में दबकर एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, प्रतापगढ़ जनपद के हथिगवां थाना क्षेत्र के बरना गांव निवासी शमशाद अली लालगोपालगंज में मकान का निर्माण करा रहे थे। दोपहर करीब एक बजे छत की ढलाई का कार्य चल रहा था, तभी अचानक शटरिंग का पाया टूट गया और पूरी छत गिर गई। उस समय काम कर रहे मजदूर गुलशन पाल (25) और मुकेश (22) मलबे में दब गए।



घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन मलबा भारी होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद नगर पंचायत से जेसीबी मशीन मंगाई गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद गुलशन पाल को बाहर निकाला गया और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़िहार भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं, दूसरे मजदूर मुकेश को निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान जारी रहा। करीब ढाई घंटे की कड़ी मेहनत के बाद उसे मलबे से बाहर निकाला गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



**नगर पंचायत की टीम ने संभाला मोर्चा**

हादसे की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मुख्तार अहमद मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य की कमान संभाली। उनके निर्देश पर जेसीबी मशीन और कर्मियों को तत्काल बुलाया गया। पुलिस, नगर पंचायत और स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयास से रेस्क्यू अभियान चलाया गया, जिसके चलते मलबे में दबे दूसरे मजदूर को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका है।

सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मनीष राय और इंस्पेक्टर नवाबगंज राघवेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## नैनी में ट्रक की चपेट में आने से राजगीर की मौत

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के आईटीआई कॉलेज के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार राजगीर की दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक में फंसी बाइक करीब 200 मीटर तक घिसटती चली गई। जब तक आसपास के लोग जुटते, तब तक ट्रक छोड़कर चालक फरार हो गया। घटना की जानकारी होते ही परिजन भी बिलखते हुए पहुंच गए। करछना थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी रामचंद्र का पुत्र 34 वर्षीय सुरेश कुमार राजगीर था। वह मंगलवार को बाइक लेकर घर से निकला था। नैनी में आईटीआई कॉलेज पास से ट्रक के चपेट में आ गया। उसकी बाइक ट्रक के अगले हिस्से में फंस गई और करीब 200 मीटर तक घसीटते हुए चली गई। घटनास्थल पर ही सुरेश की मौत हो गई। राहगीरों के शोर मचाने पर एनसआईसी के पास ट्रक छोड़कर चालक फरार हो गया। चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि ट्रक कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गंगा में डूबे दो किशोर, एक का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** झूंसी में मंगलवारगंगा को एक हृदयविदारक घटना घटित हुई, जहाँ गंगा स्नान के दौरान दो मासूम बच्चे गहरे पानी में समा गए। घंटों चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद एक बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरे की तलाश के लिए जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें देर शाम तक जुटी रहीं। इस घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है।



नैका गांव के रहने वाले तीन दोस्त–अर्पित (11) पुत्र जय सिंह, लवकुश (9) पुत्र दिनेश कुमार और वैभव (11) पुत्र हौसला प्रसाद–मंगलवार दोपहर एक ही साइकिल पर सवार होकर घर से निकले थे। तीनों पास की ही एक बगिया में आम तोड़ने गए थे। आम तोड़ने के बाद वे गर्मी से राहत पाने के लिए सोहम आश्रम के निकट गंगा घाट पर पहुंच गए और नदी में स्नान करने लगे। प्रत्यक्षदर्शी वैभव के अनुसार, नहाते समय सबसे छोटा लवकुश अचानक गहरे पानी की ओर चला गया और डूबने लगा। उसे संकट में देख अर्पित उसे बचाने के लिए आगे बढ़ा, लेकिन पानी गहरा होने के कारण दोनों ही डूबने लगे। किनारे पर मौजूद वैभव ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रहने पर वह बदहवास होकर बाहर निकला और चिल्लाने लगा। शोर सुनकर पास ही मौजूद चरवाहे दौड़कर आए, लेकिन तब तक दोनों बच्चे पानी में ओझल हो चुके थे। चरवाहों ने वैभव को सुरक्षित घर पहुंचाया और परिजनों को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने अर्पित का शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर बरामद कर लिया। हालांकि, लवकुश का देर शाम तक कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस प्रशासन ने गोताखोरों को सतर्क कर दिया है और बुधवार सुबह पुनः सघन तलाशी अभियान चलाने की बात कही है।

# कुशुवा फाटक स्थित दुकान में गैस सिलेंडर फटने से लगी भीषण आग

- दुकान हुई जलकर राख,करीब 8 लाख रुपए का नुकसान
- थानाध्यक्ष पुरामुफ्ती मयफोर्स लेखपाल सहित हजारों लोग मौके पर पहुंचे



अखंड भारत संदेश

**पुरामुफ्ती।** प्रयागराज जनपद प्रयागराज के थाना पुरामुफ्ती अंतर्गत ग्राम सभा कुशुवा के कुशुवा रेलवे फाटक पर मंगलवार 5 बजे शाम गैस सिलेंडर फटने से किराने जनरल स्टोर की दुकान में भीषण आग गई,जिसने तेज हवा के साथ आग फैलते हुए दुकानें के दूसरे कमरे और अन्य जगह को भी अपनी चपेट में ले लिया जिस घर में दुकान थी उसमें भी काफी नुकसान हुआ है।

गौरतलब है कि थाना पुरामुफ्ती अंतर्गत ग्राम कुशुवा में रेलवे फाटक से 500 मीटर दूरी पर भंवर सिंह पुत्र राम सिंह की जनरल स्टोर की दुकान में खुद के चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में अचानक से आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि पल भर में सारा सामान जलकर राख हो गया लेकिन किसी के हताहत होने का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया। इस दौरान थानाध्यक्ष पुरामुफ्ती मनोज सिंह मयफोर्स और लेखपाल महेश मिश्रा घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया। लोगो ने सरकार से मुवावजे की मांग की है दुकान मालिक भंवर सिंह ने बताया कि वे गैस में अपने लिए चाय बना रहे थे और तभी अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई और कुछ पल में देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया जिससे दुकान में रखा सारा सामान और नगद रुपया जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि दुकान के सामान सहित घर की क्षति को लेकर 8 से 9 लाख रुपए का नुकसान हुआ है घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड को फोन किया और लोगों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास भी किया गया। उन्होंने बताया कि घटना के समय आस पास के गांव के करीब 3 से 4 हजार लोग इकट्ठा को गए थे और उनके प्रयासों से आग पर काबू पाया गया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया।

# समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए बाबा साहेब के सिद्धांतों और विचारों को करें आत्मसात : रवि गौतम

मेजा के कठौली में अंबेडकर जयंती पर में भव्य शोभायात्रा निकालकर धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डा भीमराव अंबेडकर की जयंती, ग्रामीणों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया नमन दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर कठौली गांव के समाजसेवी एवं अधिवक्ता रवि गौतम के नेतृत्व में डीजे और गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकालकर बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ डा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई,यह शोभायात्रा श्री गौतम के निजी आवास से शुरू जो हरिजन बस्ती,प्रजापति बस्ती होते हुए मेजारोड पहुंची और वहां से पुनः वापस कठौली लौटी जहां बड़ी संख्या में मौजूद गांव के ग्रामीण और गणमान्य लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया और उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान प्रयागराज - मिजार्पुर हाइवे पर गतिशील शोभायात्रा में शामिल पुष्प वर्षा करते हाथों में बाबा साहब की प्रतिमा लिए अबीर गुलाल उड़ाते देश भक्ति और सामाजिक जागरूकता से जुड़े लोकगीतों पर झूमते नाचते लोगों के नारों जय भीम और बाबा साहब अमर रहें की गूंज ने जहां माहौल को और भी भव्य बना दिया वहीं संविधान शिल्पी डा भीमराव अंबेडकर के सामाजिक समरसता और कर्तव्यनिष्ठा तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संदेश भी जन जागरूकता शोभारैली के तहत देते रहे। शोभायात्रा के दौरान भीड़ को संबोधित करते हुए समाजसेवी रवि गौतम ने कहा कि बाबा साहेब सामाजिक समरसता और कर्तव्य निष्ठा की प्रतिमूर्ति थे,उनका संघर्ष समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए आगे कहा कि बाबा साहेब के सपनों को पूरा करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हम सभी को अपने जीवन में उनके सिद्धांतों और विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है, जिससे एक जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण हो सके। शोभायात्रा के दौरान लोगों में अनुशासन का माहौल भी देखने को मिला और सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से स्थानीय प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा।



अंबेडकर जयंती पर शोभायात्रा निकालकर बाबा साहेब के विचारों और सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाते कठौली के ग्रामीण

# बाबा साहेब के विचार हमें शिक्षा समानता और स्वाभिमान की दिखाते हैं राह : श्याम सूरत

विकास खंड मेजा के ग्राम पंचायत बंधवा स्थित पंचायत भवन में ग्राम सचिव श्याम सूरत के नेतृत्व में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर की जयंती, प्रधान अनिल कुमार पटेल ने नमन कर व्यक्त किया श्रद्धांजलि कहा बाबा साहेब समाज के लिए हैं प्रेरणास्त्रोत

**मेजा।** सामाजिक समरसता समानता एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर की जयंती मंगलवार को बंधवा गांव के पंचायत भवन में ग्राम पंचायत अधिकारी श्याम सूरत व प्रधान अनिल कुमार पटेल के नेतृत्व में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात संविधान शिल्पकार बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए ग्राम सचिव श्याम सूरत ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी हमें शिक्षा समानता और स्वाभिमान की राह दिखाते हैं, संविधान शिल्पी बाबा साहेब का सिद्धांत समाज के लिए एक आईना है। आइए उनके सपनों को साकार करते हुए एक ऐसे समाज की नींव रखें जहां हर दिल में सम्मान और हर कदम पर प्रगति की राह हो। इसी क्रम में ग्राम प्रधान अनिल कुमार पटेल ने कहा कि बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर सामाजिक समरसता और कर्त्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति थे,उनका संघर्ष हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा स्त्रोत है जो शिक्षा समानता और सम्मान के लिए समाज में आवाज बुलंद कर रहा है।उन्होंने उस दौर में सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई थी जब लोग जाति धर्म के नाम पर बंटे हुए थे। ग्राम सचिव श्याम सूरत ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज के युवा बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में काम करें, जिससे बाबा साहेब का सपना पूरा हो सके। इस मौके पर सुनील पटेल, सत्येंद्र कुमार, अमरजीत, राजेश कुमार, वकील, विनय कुमार, राम आसरे, बृजेश कुमार तथा अमित कुमार आदि के अलावा कई महिलाएं प्रमुख रूप से मौजूद रही।



मेजा के बंधवा स्थित पंचायत भवन बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते ग्राम सचिव श्याम सूरत

# बाबा साहब के आदर्श हमें शिक्षा समानता और संघर्ष का दिखाते हैं मार्ग : राजू शुक्ला



अंबेडकर जयंती पर बाबा साहब को नमन कर श्रद्धांजलि देते भाजपा नेता राजू शुक्ला व अन्य

**मेजा।** मंगलवार को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भाजपा नेता इन्द्रदेव शुक्ला (राजू भैया) ने रामनगर ग्राम सभा एवं सिरसा नगर पंचायत में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर बाबा साहब की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर कई सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात हुई। कार्यक्रम में क्षेत्र के चर्चित जनसेवक एवं भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला (राजू भैया) ने बाबा साहब के विचारों को विस्तार पूर्वक साझा करते हुए कहा कि उनके आदर्श हमें शिक्षा,समानता और संघर्ष का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वही आगे बढ़ेगा। आइए, हम सभी बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता, शिक्षा और विकास को आगे बढ़ाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव स्थापित करें। इस मौके बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग और गणमान्य नागरिक भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भारत के संविधान निर्माण में बाबा साहब भूमिका है बेहद अहम : संजय गौतम

संविधान शिल्पी बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर के जयंती पर उनके विचारों को याद कर जन जन तक उनका संदेश पहुंचाने, संविधान की ताकत और उनके अधिकारों के बारे लोगों को जागरूक करने का आरपीआई कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले तथा प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के आह्वान पर प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम के नेतृत्व में बंधवा गांव स्थित आरपीआई कार्यालय पर मंगलवार को संविधान निमार्ता बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों कार्यकताओं को संबोधित करते हुए आरपीआई के प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर द्वारा 26 नवंबर सन 1949 को भारत का संविधान लागू किया गया था। बाबा साहेब देश के करोड़ों गरीबों वंचितों के सच्चे मसीहा थे, जिनका आज पूरा देश नमन कर रहा है। श्री गौतम ने आगे कहा कि डा अंबेडकर महान अर्थशास्त्री, राजनीतिक एवं समाज सुधारक के साथ साथ सामाजिक समरसता और कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने कहा कि उनका संघर्ष हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणास्त्रोत है जो शिक्षा,समानता और सम्मान के लिए समाज में आवाज बुलंद कर रहा है। ऐसे महापुरुष की भारत के संविधान निर्माण में अहम भूमिका रही है। इतना ही नहीं प्रयागराज जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया प्रदेश में बाबा साहेब के संविधान सम्मत समाज बनाने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही है और संविधान के अधिकारों से आम जनमानस के अलावा शोषितों वंचितों पिछड़ों सहित समाज के अन्य वर्गों को जागरूक करने के लिए आरपीआई बाबा साहेब के जयंती पर उनके विचारों को याद करते हुए उनके संदेश को जन जन तक पहुंचाने के साथ आम जनमानस को संविधान की ताकत और उसके अधिकारों के बारे में जागरूकता प्रदान करने का काम मजबूती के साथ कर रही है,जो बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में राकेश प्रजापति और ग्राम प्रधान बंधवा अनिल कुमार पटेल ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया और उनके बारे में विस्तार से चर्चा किया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं अवकाश प्राप्त पीडब्लूडी मेठ रामखेलावन गौतम, राकेश प्रजापति, कृष्ण कुमार पांडेय, संजय कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार, सियाराम, राजीव कुमार, कमलेश कुमार, गिरीश चंद्र पांडे, महेश प्रजापति, श्रवण कुमार सिंह तथा दीपक चंद्र आदि के अलावा कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



अंबेडकर जयंती पर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते आरपीआई कार्यकर्ता और पदाधिकारी

## न्यूज झरोखा

### दुर्गावती स्कूल में भाजपा का नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम आज

**मेजा।** दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में 15 अप्रैल को भाजपा यमुनापार के पदाधिकारियों के नेतृत्व में नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिलामंत्री श्रीमती प्राची चौबे ने दी। उन्होंने ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा यमुनापार के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला और विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी अमरनाथ यादव व प्रदेश संगठन की महिला पदाधिकारी होंगी। कार्यक्रम में अतिथियों और महिलाओं का स्वागत स्कूल की प्रबंधक श्रीमती स्वतंत्र मिश्रा द्वारा किया जाएगा। श्रीमती चौबे ने उक्त अवसर पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को समय से स्कूल में पहुंचने की अपील किया है।

### अंबेडकर जयंती: मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन आज

सपा विधायक डॉ रागिनी सोनकर होंगी मुख्य अतिथि, सामाजिक समरसता भोज



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय पनासा में बुधवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर एक सामाजिक समरसता भोज का आयोजन किया गया है ' कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मछली शहर, जौनपुर की सपा विधायक डॉ. रागिनी सोनकर , विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद होंगी। यह जानकारी सपा जिला उपाध्यक्ष और महाविद्यालय के प्रबंधक रणजीत सोनकर ने दी। रणजीत सोनकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में एमएलसी डॉ मान सिंह यादव, हंडिया विधायक हाकिम लाल बिंद कई प्रमुख नेता शामिल होंगे। संगीत का कार्यक्रम प्रयागराज की रेनू रोशनी और महोबा बुंदेल खंड की दीक्षा यादव द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजकों ने लोगों से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। पनासा के ग्राम प्रधान सुधीर यादव ने बताया कि पिछले वर्ष कार्यक्रम में हजारों से अधिक लोगों की भीड़ थी और इस बार उससे अधिक लोगों के आने का अनुमान है। सुधीर यादव ने बताया कि पहले प्रबंधक रणजीत सोनकर बसपा के मंडल कोऑर्डिनेटर थे, जिससे कार्यक्रम में मुख्य रूप से एक ही पार्टी के लोग शामिल होते थे। अब वे सपा के जिला उपाध्यक्ष हैं, इसलिए इस बार पिछले वर्षों की तुलना में अधिक भीड़ होने की संभावना है। रणजीत सोनकर की पहचान क्षेत्र के अलावा जिला और प्रदेश स्तर पर है।

### मांडा में डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई: जगह-जगह रैलियां निकलीं, नेताओं ने किया माल्यार्पण

**मांडा ।** क्षेत्र के दर्जनों गांवों में मंगलवार, 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए और जगह-जगह रैलियां निकाली गईं। मांडा के निबियरिया मल्हिया तालाब के पास विकास सोनकर और चरन जीत द्वारा बाबा साहब की मूर्ति स्थापित करने के लिए लाई गई थी। हालांकि, भूमि चयन और चबूतरा निर्माण न होने के कारण मूर्ति को अस्थायी रूप से पंडाल में रखा गया। मुख्य अतिथि सपा नेता रणजीत सोनकर और मेजा विधायक संदीप पटेल ने मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के संघर्षों और जीवन पर प्रकाश डालते हुए 'शिक्षित बनो, संगठित बनो, फिर संघर्ष करो' के नारे के महत्व को बताया।



### करुणा वेलफेयर स्किल केंद्र में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती

**प्रयागराज।** करुणा वेलफेयर स्किल केंद्र काजू के प्रांगण में धूमधाम के साथ भारत के महान सपूत डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम भारत सरकार द्वारा आयोजित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना (डीडीयूजीकेवाई) काजू के सेंटर मैनेजर देवाशीष श्रीवास्तव ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर केवल संविधान निमार्ता ही नहीं, बल्कि सामाजिक समानता, न्याय और शिक्षा के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए निरंतर संघर्ष किया। उनका मानना था कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन को बदल सकता है और समाज में सम्मान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि आज के युवाओं को डॉ. अम्बेडकर के विचारों को अपनाकर शिक्षा, अनुशासन और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर चलना चाहिए, तभी हम एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर ट्रेनर साक्षी द्विवेदी, शिवानी यादव, साक्षी आर्या, अमित द्विवेदी, रवि कुमार उपस्थित रहें। वहीं कैंडिडेट्स में बबली, निधि, अनीता, वैष्णवी चतुरवेदी, स्वाति, सतीश, सुनील, अमित मिश्रा ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन और उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन सभी के द्वारा पुष्प अर्पित कर एवं राष्ट्रहित में कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया।



### बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**लालापुर।** क्षेत्र के 264 बारा विधानसभा के लालापुर बूथ संख्या 115 पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत गौरव और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष (प्रयागराज यमुनापार) विभव नाथ भारती ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई, जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहे ग्राम प्रधान लालापुर शंकर लाल पाण्डेय (पूर्व मण्डल अध्यक्ष, भाजपा), प्राची परिहार हल्का लेकपाल,होरीलाल केसरवानी, योगेंद्र सरोज, संजय पासी,वीरेंद्र पासी रूपेश, गुलाब, सुरेश, सर्वेश पासी। कार्यक्रम में क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। विभव नाथ भारती ने इस दौरान "264 बारा विधानसभा लक्ष्य 2027" के संकल्प को दोहराते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया।



### डॉ. अंबेडकर का देश और समाज के उत्थान में अतुलनीय योगदान- शुभम शुक्ला

**जंघई।** भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती नीबी, बरियांवा गांव में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर बरियांवा ग्राम सभा के भावी प्रधान प्रत्याशी भाजपा नेता शुभम शुक्ला ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर द्वारा देश और समाज के उत्थान में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला, उन्होंने बताया कि उनके द्वारा रचित संविधान ही प्रत्येक भारतीय को समानता का अधिकार दिलाता है। इस अवसर पर पिंटू तिवारी, जितेंद्र दुबे, महेश दुबे, राजा बाबू, देवतादीन तिवारी, विजयी हरिजन, शिवराम हरिजन, मुन्नीलाल, टैप्टर हरिजन, बाउल मौर्य सहित तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# जिले में धूम-धाम से मनायी गयी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती को हर्षोल्लास व धूम-धाम से बनाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी, उप जिलाधिकारी सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों ने भी डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में ऐसे बहुत कम महापुरुष हुए हैं, जिनके नाम पर संपूर्ण विचारधारा और जीवन दर्शन विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचारों को ह्यगांधीवादह्न तथा डॉ. अम्बेडकर के सिद्धांतों को ह्यअम्बेडकरवादह्न के रूप में जाना जाता है, जो न केवल देश बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हुए हैं। जिलाधिकारी ने डॉ. अम्बेडकर के समानता के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जन्म से समान है और उसे समान अधिकार प्राप्त हैं। उन्होंने आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के विचारों को अपने जीवन में अपनाएं। खासकर शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने बच्चों को उनके सिद्धांतों से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि यदि परिवार स्तर पर ही इन मूल्यों को अपनाया जाए तो समाज में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होने कहा कि यदि हम बाबा साहेब के सिद्धांतों और मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर लें, तो न केवल व्यक्तिगत जीवन में सुधार होगा बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन संभव है। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मनुष्य की दृढ़ इच्छाशक्ति उसे किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम बनाती है और यदि व्यक्ति ठान ले तो उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी, उपजिलाधिकारी सीमा भारती, तनवीर अहमद सहित अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगण व अन्य सम्बन्धित लोग उपस्थित रहे। इसी प्रकार डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर समस्त विकास खण्डों, तहसीलों, नगर पंचायतों के कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, शिक्षण संस्थानों तथा जनपद के विभिन्न स्थलों जहां पर डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित है वहां पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये एवं अम्बेडकर जयन्ती धूम-धाम से मनाया गया।

## डीएम, एसपी व जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित

### देश सेवा को समर्पित रहा डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन : डीएम



**प्रतापगढ़।** जनपद के अम्बेडकर चैराहा पर स्थापित बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने अम्बेडकर चैराहे पर डा0 अम्बेडकर सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये। डीएम ने डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती पर लोगों को बधाई दी और बताया कि अम्बेडकर न केवल संविधान के निमार्ता थे बल्कि एक महान अर्थशास्त्री, शिक्षाविद्, कानूनविद, लेखक और दूरदर्शी राजनीतिज्ञ भी थे। बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर के विचार, उनके आदर्श और उनका व्यक्तित्व हम सबके लिए एक प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के हितों के लिए सबसे महत्वपूर्ण और प्रारंभिक कार्य बाबा साहब ने ही किए थे। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के समय जब अधिकांश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरकार के विरोध में संघर्ष कर रहे थे, उस समय सरकारी कर्मचारियों के अधिकारों और हितों के बारे में सोचने वाला कोई नहीं था। उस दौर में सरकारी कर्मचारी ब्रिटिश सरकार का ही हिस्सा माने जाते थे, लेकिन बाबा साहब ने उनके अधिकारों की रक्षा और सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहेब की निष्ठा और प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि देश का संविधान आज भी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था, एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाए हुए है तथा नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और मौलिक अधिकार प्रदान करता है। इस अवसर पर डा0 अम्बेडकर सेवा समिति की अध्यक्ष सुशीला कश्यप व अन्य समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## उतरार में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती



**कुंडा।** बाबागंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत उतरार में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाबागंज विधायक विनोद सरोज और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने संयुक्त रूप से ने बाबा साहेब की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही महात्मा बुद्ध की प्रतिमा का भी लोकार्पण किया। आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक विनोद सरोज ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन सामाजिक समानता तथा गरीब व मजदूर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने दिन-रात मेहनत कर देश का संविधान तैयार किया और शिक्षा को सबसे बड़ा अधिकार बताया, जिससे प्रत्येक व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सके।

इस दौरान गांव के बुजुर्गों, शिक्षकों, मीडिया कर्मियों व सम्मानित नागरिकों को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजकरन सरोज, मंत्री विजय कुमार यादव, पूर्व मंत्री प्रभाकर नाथ पांडेय, अरविंद यादव, संजय सरोज सहित अंबेडकर सुधार समिति के अध्यक्ष राम आसरे गौतम, महासचिव कमलेश, सुभाष गौतम, प्रेम गौतम, बाबा रामदयाल, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, शिवानंद मौर्या,सदानंद मौर्या,केशलाल मौर्या, दीनानाथ श्रीवास,ददन श्रीवास आतिश शुक्ला, अमित मौर्य, बादल सरोज, अनिल सरोज, विकास सरोज, बीडीसी शिव बहादुर सरोज, रामसुमेर पाल, नीरज मौर्य, संदीप यादव, राम सिंह, राहुल सरोज समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## नशे में धुत युवकों ने मां-बेटे को पीटा

**पट्टी।** कस्बे के पुरानी पट्टी मोहल्ले में अंबेडकर जयंती के दौरान जश्न उस वक्त हिंसा में बदल गया, जब नशे में धुत कुछ युवकों ने एक घर में घुसकर मां-बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुरानी पट्टी मोहल्ला निवासी अर्पित ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे मोहल्ले में अंबेडकर जयंती मनाई जा रही थी। इसी दौरान नशे में धुत एक युवक अपने कई साथियों के साथ उसके घर पहुंचा और बिना किसी बात के उसके बेटे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में उसका बेटा बुरी तरह घायल हो गया और लहूलुहान हो गया। बेटे को बचाने पहुंची अर्पित की विधवा मां कुसुम देवी को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की।पीड़ित के अनुसार, इस हमले में उसके बेटे के एक हाथ में गंभीर चोट आई है। हालत देखकर आशंका जताई जा रही है कि उसका हाथ टूट भी गया है।घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## हार्वेस्टर की चिंगारी से लगी भीषण आग, 5 बीघा गेहूं की फसल राख




**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के रायचंद पट्टी गांव में मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे हार्वेस्टर से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते भीषण आग का रूप ले लिया। आग की चपेट में आकर किसानों की करीब 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी विनोद सिंह के खेत के बगल में हार्वेस्टर से कटाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान मशीन से निकली चिंगारी सूखी फसल में जा गिरी, जिससे आग भड़क उठी और तेजी से आसपास के खेतों में फैल गई। आग लगने से गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलते ही चैकी इंचार्ज सैफाबाद योगेंद्र पटेल अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने में अहम भूमिका निभाई।इसके अलावा चैकी इंचार्ज अमुवाही अरविंद कुशवाहा भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य में जुटे रहे।कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक किसानों की भारी नुकसान हो चुका था। घटना के बाद पीड़ित किसान मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### सामाजिक उत्थान की मजबूती में डॉ0 अम्बेडकर का योगदान अप्रतिम : एसडीएम

**लालगंज।** संविधान निमार्ता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिन पर तहसील सभागार में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व नायब तहसीलदार पंकज कुमार एवं नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि सामाजिक उत्थान एवं शैक्षिक समाज की मजबूती में डॉ0 अम्बेडकर का योगदान अप्रतिम है। समारोह की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश व संचालन राजस्व निरीक्षक संघ प्रयागराज मण्डल अध्यक्ष धर्मराज ने किया। कार्यक्रम का संयोजन लेखपाल संघ के मंत्री मो0 अकरम ने किया। समारोह को अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, राजेश तिवारी, शहजाद अंसारी, सुरेश यादव, रामसिंह यादव ने भी संबोधित करते हुए संविधान की विशिष्टता के लिए डॉ0 अम्बेडकर के चिंतन को दूरदर्शी कहा। इस मौके पर अमीन संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष सिंह, प्रवीण शुक्ला, प्रदीप सिंह, मस्तराम पाल, केके तिवारी, कुलदीप राव, केके सिंह, मंगलेश सरोज, अंकित यादव आदि रहे।

## विधायक विनोद सरोज ने किया शिलान्यास, 58 लाख की लागत से बनेगी पक्की सड़क

अखंड भारत संदेश



**कुंडा।** उतरार में 58 लाख की लागत से सड़क निर्माण का शिलान्यास बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत उतरार में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मंगलवार को बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने गोगहर पक्की मार्ग से रेवरी होते हुए उतरार तक बनने वाली लगभग 58 लाख रुपये लागत की पक्की सड़क का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत शिलान्यास किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र में अब कोई भी सड़क कच्ची नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जनसत्ता पार्टी का लक्ष्य बाबागंज विधानसभा को आदर्श एवं विकसित विधानसभा बनाना है, जिसके तहत गांव-गांव तक सड़क, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सड़क के निर्माण से गोगहर और उतरार ग्राम सभाएं सीधे पक्के मार्ग से जुड़ जाएंगी, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए आभार जताया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव ,ठेकेदार संजीव सिंह, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, राहुल यादव, बीडीसी शिव बहादुर सरोज, सचिन यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संविधान में लोकतंत्र का जनता को डॉ0 अम्बेडकर ने सौंपा सर्वशक्ति सम्पन्न अधिकार : प्रमोद तिवारी



**लालगंज।** नगर के सलेम भदारी वार्ड में स्थित अम्बेडकर पार्क में मंगलवार को राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने बोधिसत्व संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिन समारोह को सौगातों के जरिए यादगार बनाया। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा ने पार्क में शासन द्वारा स्वीकृत दो करोड़ छियासी लाख की लागत से डॉ0 अम्बेडकर स्मृति उत्सव भवन की समारोहपूर्वक आधारशिला रखी। वहीं सांसद प्रमोद व विधायक मोना ने डॉ0 अम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यीकरण के लिए नगर पंचायत कार्यदायी संस्था की ओर से सैंतीस लाख छत्तीस हजार की धनराशि की भी मंजूरी की सौगात भेंट की। सांसद प्रमोद तिवारी द्वारा सांसद निधि एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा विधायक निधि से पार्क के सुसज्जा हेतु पांच-पांच लाख रुपए की भी घोषणा की। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि संविधान में डॉ. अम्बेडकर ने बड़े से बड़े घरानों के चुनिन्दा वोट देने के पूंजीवाद को खत्म करते हुए अवसर तथा विकास के क्षेत्र में समान भागीदारी को बुलन्द बनाया। वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा भी वन नेशन वन इलेक्शन की आड में दुनिया के कुछ तानाशाही शासकों की नकल करते हुए देश में भी वन नेशन वन पार्टी तथा वन नेशन वन लीडर के चीन की तरह खतरनाक मंसूबे को पाले हुए है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान की शक्ति में हमारा सामाजिक सदभाव मजबूत बना हुआ है। विधायक मोना ने कहा कि डॉ0 अम्बेडकर की विचारधारा को आगे बढ़ाये रखने के लिए कुरीतियों तथा भेदभाव को समाप्त करने में एकजुटता समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कार्यक्रम में जन्मदिन आयोजन समिति के पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। स्वागत भाषण सभासद जावेद खान व आभार प्रदर्शन रामकृपाल पासी ने किया। कार्यक्रम में प्रमोद सरोज, अर्चना सरोज, धर्मपाल गौतम, रघुनाथ सरोज, हरिश्चंद्र सरोज, रामलखन जायसवाल ने भी डॉ0 अम्बेडकर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी एवं सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर पूर्व अपर जिला जज श्यामलाल, विजय सरोज, संजय सरोज, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, जीतलाल गौतम, सोनू पासी, संदीप पाल, परशुराम सरोज, संतराम सरोज, रामकिशुन सरोज, केडी मिश्र, गीता सिंह, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, लालजी यादव, दृगपाल यादव, विकास मिश्र, महेन्द्र सिंह, दारा सिंह, पन्नेलाल पाल, आशीष कौशल, अजय शुक्ल गुड्डू, मुरलीधर तिवारी, पप्पू तिवारी आदि रहे।

## घर में घुसकर मारपीट व धमकी को लेकर आरोपियों पर केस

**लालगंज।** घर में घुसकर मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर उदयपुर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के रग्घू सिंह का पुरवा राजापुर निवासी जितेन्द्र कुमार कोरी की पुत्री आंचल ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह अप्रैल को शाम साढ़े सात बजे गांव के प्रदीप पुत्र स्व0 घेर्राऊ कोरी व गुड़िया पत्नी प्रदीप ने गालीगलौज शुरू की। मना करने पर आरोपियों द्वारा घर में घुसकर मारपीट की गयी। बीचबचाव के लिए पीड़िता की मां कृष्णावती व बाबा लाल बहादुर आये तब उन्हें भी आरोपियों ने मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियों ने जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रदीप समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## न्यूज झरोखा

### विद्यालय में जयन्ती कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**प्रतापगढ़।** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, (पूर्ववर्ती नाम-राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय) नरायनपुर संस्था में डा0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती कार्यक्रम का भव्य आयोजन विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य मुख्य अतिथि के गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य प्रतापगढ़ द्वारा की गयी। संस्था में अध्ययनरत छात्रों द्वारा बाबा साहब के जन्म दिवस के अवसर पर भाषण, कविता एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को प्रकट किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने छात्रों को भारत रत्न एवं संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों एवं विचारों के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य अखिलेश नारायण द्वारा धन्यवाद् ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें। इसी प्रकार राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास लालगंज, पट्टी, कालाकांकर, रामपुर संग्रामगढ़ एवं लखपेड़ा कोटा भवानीगंज में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती



**प्रतापगढ़।** भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर पंचायत गड़वारा के कुँआ वार्ड स्थित डंगरी बौद्ध विहार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयंती समारोह के तहत नगर पंचायत गड़वारा से विभिन्न झांकियां निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। भाजपा नेता नवीन सिंह ने डंगरी बौद्ध विहार में उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित किया। अपने संबोधन में भाजपा नेता नवीन सिंह ने समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और अहम की भावना को त्यागने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का प्रमुख सपना समतामूलक समाज की स्थापना करना था। उन्होंने युवाओं और आमजनों से इस बुराई से दूर एक मजबूत सामाजिक ढांचे के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया। नगर पंचायत गड़वारा की विभिन्न झांकियों में युवाओं का उत्साह उल्लेखनीय रहा। इस कार्यक्रम के दौरान पन्ना लाल, सोमू सिंह, प्रिंस सिंह, सूरज कुमार, शनि कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती



**बेलखरनाथ धाम।** संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई ।इस दौरान जगह-जगह अनेकों गांवों के लोग डीजे की धुन पर नाचते थिरकते रहे ।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पट्टी सीओ भारी फोर्स के साथ मौजूद रहे ।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उडैयाडीह,किठौली जलालपुर, गडौरी, सरखेलपुर, सराय भवानी, डडवा महोखरी, भदेवरा, दोनई गांव के कार्यकर्ता सुबह से डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर रथ पर सजाकर यात्रा निकाली ।इस दौरान पुरुष महिलाएं व बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा संविधान पर बज रहे गानों की धुन पर थिरकते नजर आएं ।इस अवसर पर ओम प्रकाश गौतम,नागेंद्र कुमार,सुभाष, लाल मणि,महेंद्र, नंदलाल, डॉक्टर सुभाष,महेश कुमार राहुल, शिव बहादुर रामपाल सहित सैकड़ों महिलाएं पुरुष व बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था पट्टी सीओ मनोज कुमार सिंह रघुवंशी, पूरेधना चैकी इंचार्ज कमलेश कुमार, हेड कांस्टेबल राज सिंह, सुनील गुप्ता,व सिपाही विवेक यादव के साथ कई पुलिस संभाल रखी थी।

### अस्पृश्यता राष्ट्रीय एकता के लिए गंभीर खतरा : प्रो0 ओझा




**लालगंज।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती समारोहपूर्वक मनाई गयी। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्धक एवं प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा द्वारा डॉ0 अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रो0 ओझा ने कहा कि अस्पृश्यता राष्ट्रीय एकता के लिए गंभीर खतरा है। उन्होने सामाजिक समरसता एवं दलितों के उद्धार को लेकर डॉ0 अम्बेडकर के योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 अमित सिंह व संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। प्रारम्भ मे प्रो0 अनिल सिंह ने डॉ0 अम्बेडकर के विचार एवं दर्शन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ0 आशुतोष शुक्ला, डॉ0 ओपी द्विवेदी, डॉ0 प्रकाश सिंह, डॉ0 धर्मेन्द्र बहादुर सिंह, डॉ0 रविकांत कौशल, राजेश सिंह, संतोष प्रजापति, डॉ0 सीमा सिंह, डॉ0 अनीता द्विवेदी, डॉ0 सुरभि सिंह, निवेदिता, मनोज तिवारी आदि रहे।

### अध्यक्ष प्रतिनिधि समेत दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान




**प्रतापगढ़।** गड़वारा नगर पंचायत कार्यालय पर मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर अध्यक्ष सीमा सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू के प्रयास से आशा चैरिटेबल ब्लड बैंक द्वारा शिविर आयोजित किया गया। जिनमें कुलदीप मिश्रा, रिंकू तिवारी, अक्षय सिंह, अनिकेत सिंह, उदय सिंह, शिव प्रकाश समेत स्वयं अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू ने रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर किसी की जान बचाई जा सके। शिविर में डॉ. नईम शेख, अधिशाषी अधिकारी अभय रंजन, लिपिक नितेश द्विवेदी, राजेश सिंह, सुजीत सिंह, आदर्श, प्रज्ज्वल, अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

### आसपुर देवसरा में अंबेडकर जयंती पर हुआ भव्य आयोजन



**पट्टी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर विधानसभा पट्टी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम भवसरनपुर, कोपा तथा नगर पंचायत रामगंज में आयोजित समारोहों में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रताप सिंह ह्नमोती सिंहह्न मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्राम भवसरनपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोती सिंह ने बाबा साहब के महान व्यक्तित्व और उनके संघर्षपूर्ण जीवन को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का पूरा जीवन समाज में समानता, शिक्षा और न्याय स्थापित करने के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी हमें एक सशक्त, समतामूलक और जागरूक समाज के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। इसके बाद ग्राम कोपा में राजेश गौतम द्वारा आयोजित जयंती समारोह में भी मोती सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सिद्धांत आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समरस समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख सुशील सिंह, ब्लॉक प्रमुख कमलाकांत नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश सिंह, नगर पंचायत पट्टी अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल नगर पंचायत ढकवा अशोक त्यागी जिला पंचायत सदस्य राजू सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

# अंबेडकर जयंती : निकली भव्य शोभायात्रा, क्षेत्र में उत्सव का माहौल

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशाम्बी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर 3 शांतिनगर में अंबेडकर जयंती के अवसर पर सामाजिक समरसता और जागरूकता का भव्य नज़ारा देखने को मिला। वरिष्ठ समाजसेवी अशोक कुमार गौतम के आवास से डॉ.भीमराव अंबेडकर की मनमोहक शोभायात्रा निकाली गई,जिसने पूरे क्षेत्र को उत्साह और श्रद्धा से भर दिया।शोभायात्रा का शुभारंभ शांतिनगर स्थित आवास से हुआ, जहां चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर झंडा दिखाकर यात्रा को रवाना किया। डीजे की धुन,जोशीले नारों और उत्साहित युवाओं के नृत्य के साथ यह यात्रा शायरी माता तिराहे,सब्जी मंडी होते हुए टेंडरी मोड़ तक पहुंची। इसके बाद शांतिनगर डेरा और वार्ड नंबर 6 कृष्णा नगर का भ्रमण करते हुए पुनः प्रारंभिक स्थल पर आकर संपन्न हुई।पूरे मार्ग में बाबा साहब अमर रहें और जय भीम के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस शोभायात्रा में महिलाओं,बच्चों और युवाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली, जो समाज में समानता,शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दे रहे थे। कार्यक्रम के आयोजक अशोक कुमार गौतम ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं और इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हैं। इस अवसर पर विद्यासागर गौतम, सभासद फूलचंद्र केसरवानी, गुड्डू दराना (रंजीत केसरवानी), अनिल केसरवानी (बाबा), विक्की केसरवानी, दिनेश सिंह यादव, ज्ञानदत्त यादव, संतोष कुमार गौतम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## धूमधाम से बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर निकाली गयी शोभायात्रा

**कोखराज कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के हनुमान घाट में मंगलवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर कमेटी अध्यक्ष अजय आजाद ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में संबोधित करते हुए डॉ महेश कुमार ने कहा की डॉ.भीमराव अंबेडकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे और एक महान विभूति थे भारतीय संविधान के निर्माण में उनका अद्वितीय योगदान रहा है। वे एक महान समाज सुधारक व सामाजिक परिवर्तनकर्ता थे। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए तथा उनके आदर्शों का अनुकरण करना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन कर रहे अधिवक्ता सौरभ सोनकर ने भी डॉ.भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन,सिद्धांतों एवं उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। इस पावन पर्व को लेकर ग्रामीणों ने एक शोभा यात्रा भी निकाली जो हनुमान घाट से शुभारंभ किया गया और क्षेत्र में भ्रमण करते हुए रावण मैदान शहजाद पुर समापन हुआ इस कार्यक्रम में चौकी प्रभारी व पुलिस प्रशासन गणमान्य व्यक्तियों नागरिकों की उपस्थिति रही जिसमें सभी लोगों ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया कार्यक्रम में उपस्थित जितेंद्र यादव,बंसी सोनकर,साहब लाल गौतम,घुन्ना,राम प्रकाश आदि सैकड़ों लोगों ने जयंती महोत्सव के कार्यक्रम में अपनी योगदान दिया।

डॉ भीमराव अंबेडकर को माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित



## डॉ.भीमराव आंबेडकर के विचार सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित थे : गौरव पाण्डेय



**कौशांबी** मंझनपुर स्थित कांग्रेस पाटी पर कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में ने डाड्ड भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई सर्वप्रथम उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके महान कार्यो का स्मरण किया गया इसके बाद नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी की अगुवाई में गाजे बाजे के साथ कांग्रेस मुख्यालय से समदा चौराहे तक यात्रा निकाल कर प्रसाद वितरण किया गया ।इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि डॉ.भीमराव आंबेडकर के शैक्षिक विचार सामाजिक न्याय, समानता और सशक्तिकरण पर आधारित थे। उनका मानना था कि शिक्षा ही दलितों,महिलाओं और वंचित वर्गों की मुक्ति,स्वतंत्रता और विकास का एकमात्र साधन है उनका प्रसिद्ध नारा शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो उनके शैक्षिक दर्शन का सार है। वे शिक्षा को सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एक हथियार मानते थे। इसके बाद जिला उपाध्यक्ष राम सूरत रैदास ने कहा कि बाबा साहब का मानना था कि वे शिक्षा को अज्ञानता और सामाजिक गुलामी से आजादी की कुंजी मानते थे। उनका मानना था कि शिक्षा के माध्यम से ही आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास जागृत होता है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष श्याम मूर्ति तिवारी,उदय यादव,रामसूरत रैदास,जिला महासचिव आसिफ अल्वी,एडवोकेट अर्श खुशीद,संतोष शुक्ला,जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल,मोहम्मद नोमान,हेमन्त रावत,मंझनपुर नगर अध्यक्ष संगीता कोरी,नगर अध्यक्ष अझुवा विजय यादव,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,ब्लाक अध्यक्ष मंझनपुर प्रदीप पटेल,सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,आयुष यादव,विनोद चौधरी,बाबू लाल सिंह,अनिल सेन, रफीक अहमद, छोटे लाल,रमेश यादव,रामदास राही, बिफई लाल,इंद्रपाल रैदास, कामता प्रसाद प्रजापति, मोहम्मद नईम हाशमी,लालती देवी,सीता देवी,तेजा देवी,देवरती देवी,पिंकी देवी,प्रेमा देवी,मीना देवी,अमृत लाल गौतम,जीतू मिश्रा रामप्रकाश कुशवाहा,राहुल यादव,कमल सिंह,अशर्फी लाल,धर्म वीर सिंह सहित तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मूरतगंज बाजार में निकाली डीजे बाजा के साथ भव्य शोभायात्रा



**हर्रायपुर कौशाम्बी** मूरतगंज बाजार व आसपास पास के ग्रामीणों ने अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर मूरतगंज बाजार में डीजे बाजा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली शोभायात्रा के दौरान डॉ. भीम राव अम्बेडकर के चित्रों पर माल्यापण व पुष्प अर्पित करते हुए व उनके बताये हुए रास्तो पर चलने के लिए लोगो को जागरूक किया और इस अवसर पर भरवारी नगर पालिका परिषद वार्ड नं21 दुर्गाभाभी नगर पार्षद प्रतिनिधि मो. हसनैन मंसूरी ने शोभायात्रा में शामिल ग्रामीणों को शरबत व टीशर्ट देकर लोगो को उत्साहित किया इस दौरान उन्होंने बाबा साहेब के विचारों को याद करते हुए समाज में समानता,शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है,जिनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का विकास संभव है।कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा साहेब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।और संदीपन घाट थाना प्रभारी इंद्रदेव भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे और इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अंबेडकर जयंती

शोभायात्रा के दौरान संदीपन घाट थाना पुलिस बल रही मौजूद

## नगर पंचायत चरवा में बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर भव्य रैली, हजारों लोगों ने लिया हिस्सा



**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे,बुजुर्ग तथा बड़ी संख्या में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली नगर पंचायत चरवा से प्रारंभ होकर पूरे कस्बे का भ्रमण करते हुए चरवा चौराहा पहुंची। इसके बाद यह चराई गांव स्थित शहीद सूर्यबली मार्ग तक गई और पुनः नगर पंचायत कार्यालय के पास आकर संपन्न हुई। पूरे रूट में जय भीम" और बाबा साहेब अमर रहें के नारों से वातावरण गूंजता रहा। रैली के दौरान नीले झंडों और गुलाल से पूरा क्षेत्र नीले रंग में रंगा नजर आया,जिससे माहौल अत्यंत आकर्षक और उत्साहपूर्ण बन गया। कार्यक्रम में तीन डीजे लगाए गए थे,जिन पर बाबा साहेब से जुड़े गीतों और नारों के साथ लोग झूमते नजर आए। इस भव्य रैली का नेतृत्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगनारायण पासी,सुशील जय हिन्द और राम सारण निर्मल,अरुण गौतम सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा और रैली को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया। बाबा साहेब की जयंती पर निकली इस विशाल रैली ने सामाजिक एकता,जागरूकता और सम्मान का मजबूत संदेश दिया।

## संदीपनघाट थाना का एएसपी ने किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण



**हररायपुर कौशांबी** अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा दिनांक 14/04/ 2026 को थाना संदीपनघाट का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, बैरक, मेस एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण,लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण,वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अपराध नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता बरतने एवं मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं अनुशासन व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर बल दिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करने हेतु प्रेरित किया गया।

## अंबेडकर जयंती पर शोभा यात्रा का एएसपी सीओ ने किया निरीक्षण

**कौशाम्बी** बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर दिनांक 14/04/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी चायल के साथ थाना सराय अकिल अंतर्गत कस्बा सराय अकिल में आयोजित शोभायात्रा के दौरान नियुक्त पुलिस बल का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान एएसपी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस कर्मियों को सतर्क एवं मुस्तैद रहकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही शोभायात्रा को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए,जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।जनपद पुलिस द्वारा समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराया जा रहा है।

## राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती





**करारी कौशाम्बी** करारी कस्बा स्थित नया गंज में मंगलवार को राष्ट्रीय लोक दल कार्यालय पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव मुख्य अतिथि इमरान हैदर रिज़वी ने कहा कि डॉ.अंबेडकर ने अपने पूरे जीवन में सामाजिक समानता,शिक्षा और न्याय के लिए संघर्ष किया।उन्होंने समाज से छुआछूत जैसी कुरीतियों को खत्म करने का संदेश दिया और सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे डॉ.अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर शिक्षा को अपनाएं और समाज में भाईचारे को मजबूत करें। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि सुशील जय हिंद अधिवक्ता हाई कोर्ट इलाहाबाद संचालन ब्लॉक अध्यक्ष मंझनपुर मुकेश कुमार सरोज, अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष नजमुल हसन, रेहान खान जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ, नौशाद उल हक जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, जिला उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र मौर्य,जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद फहीम, जिला महासचिव जीशान हैदर पप्पू पूर्व सभासद करारी, सिद्ध लाल सरोज जिला महासचिव, गुलाम सिबतैन रविश, अरशद अली, राम प्रकाश गौतम, मुख्तार अहमद, घसीट वर्तमान प्रधान,उमेश त्रिपाठी, संतोष सिंह वर्तमान प्रधान, मुकेश कुमार सरोज ब्लॉक अध्यक्ष मंझनपुर, मुन्नीलाल गौतम, विकास निषाद, मसरूर अहमद, भैरव प्रसाद मौर्य आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया डॉ.भीम राव अम्बेडकर जयंती





**हर्रायपुर कौशांबी** मूरतगंज क्षेत्र के महेश्वरी प्रसाद इंटर मीडिएट कॉलेज आलमचंद्र में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया है डॉ.भीम राव आंबेडकर जयंती पर प्रधानाचार्य जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने डॉ.अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए छात्र छात्राओं को डॉ भीमराव अंबेडकर के बारे में विस्तार से बताया और उनके पद चिन्हों पर छात्र छात्राओं को चलने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर अध्यापक बृजेश चन्द्र श्रीवास्तव,सुष्मिता तिवारी,राजेंद्र कुमार यादव,गोपाल कृष्ण मिश्रा, नृपेन्द्र कुमार सिंह,प्रेमचन्द,उदय शंकर साहू नूतन,विपिन कुमार, दिनेश सिंह,दिनेश कुमार,अशोक कुमार पाल,शारदा देवी,रश्मि त्रिपाठी,सुभाष चंद्र प्रजापति, धीरेन्द्र कुमार उपाध्याय,नीरज कुमार,महेंद्र कुमार,कंचन मौर्य, राममूरत सिंह पाल,विपुल प्रताप सिंह,उवशी गुप्ता,दुर्गेश कुमार पटेल,सुधीर सिंह,राजेंद्र प्रताप सिंह, राजकुमार मौर्य,शिवाकांत प्रताप सिंह व मनोज कुमार लिपिक धमवीर परिचारक ज्योती सिंह मौजूद रहे।

## वृद्धाश्रम,ओसा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई



**कौशांबी** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा स्थित वृद्धाश्रम में 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत वृद्धजनों द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहब के विचारों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।वृद्धाश्रम के प्रबंधक आलोक राय ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन,उनके सिद्धांतों एवं भारतीय समाज में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया और समानता,न्याय एवं अधिकारों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# घटिया सड़क निर्माण करने वाले पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार किसानों के खेत कर रहे हैं बर्बाद



किसानों के खेत की मिट्टी खोदकर खेत को बना दिया तालाब, दुर्घटना की बढ़ी आशंका

**बैरमपुर कौशांबी** लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों की तानाशाही से किसान परेशान हो गए हैं सड़क निर्माण का ठेका लेने वाले निर्माण विभाग के ठेकेदार जहां एक तरफ घटिया निर्माण कर सड़क को बर्बाद कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ वह किसानों के खेतों से मिट्टी निकालकर किसानों के खेत तालाब में तब्दील कर रहे हैं जिससे किसानों के सामने मुसीबत खड़ी है लेकिन ठेकेदारों को अधिकारियों के साथ-साथ सत्ता सीन नेताओं का संरक्षण मिला है जिससे किसान की आवाज नहीं सुनी जा रही है घटिया क्वालिटी की सड़क निर्माण कर सरकारी खजाने से भुगतान कराने वाले इन ठेकेदारों पर विभाग के अधिकारी भी मेहरबान है यदि मामले की शासन प्रशासन ने जांच कराई तो घटिया निर्माण कर सरकारी खजाने को चपत लगाने वाले ठेकेदारों पर बड़ी कारवाई होना निश्चित माना जा रहा है लेकिन उसके बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इन ठेकेदारों पर कार्यवाही करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं ताजा मामला मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कोरीपुर गांव से बैरामपुर तक बनाई जा रही सड़क का है मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा कोरीपुर में गांव से बैरमपुर रोड तक डामरीकरण सड़क निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदारों से कराया जा रहा है इस सड़क के डामरीकरण सड़क निर्माण में मानक के आधार पर सड़क नही बनाई जा रही है।एक किलोमीटर तक इंटरलॉकिंग की सड़क भी बनाई जा रही है जिसमें घटिया क्वालिटी के इंटरलॉकिंग लगाई जा रही है जो टूट जाने की संभावनाएं हैं सड़क में पड़ने वाली सामग्री की चोर बाजारी ही हो रही है विभाग के अफसर के संरक्षण में ठेकेदारों द्वारा घटिया क्वालिटी की सड़क बनाई जा रही है अंधेरगदी की हद तो तब हो गई जब सड़क के किनारे पड़ने वाले तमाम किसानों के खेतों में गड्ढे करके ठेकेदारों ने बलपूर्वक मिट्टी निकाल ली है किसानों के खेत को यह ठेकेदार अपने पूवर्जों की जागीर समझते हैं जब किसानों ने विरोध किया तो ठेकेदार और उनके मुंशी झगड़ा लड़ाई पर उतारू हो जाते हैं जिससे किसान परेशान हो गए हैं किसान पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि उनकी निजी भूमिधरी जमीन और बगीचे में सड़क के बगल से लगभग 10 से 15 फिट तक मिट्टी निकाल कर गहरा गड्ढा ठेकेदारों ने कर दिया है किसानों के खेत में गहरे गड्ढे हो जाने से जानवरो और किसानों का खेत में जाने का रास्ता बंद कर दिया गया। जिससे लोगो के आने जाने में बड़ी परेशानी होगी। लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों द्वारा किसानों के खेतों से मिट्टी निकालने के चलते खेत में गहरे गड्ढे हो जाने के बाद किसी दिन दुर्घटनाएं हो सकती हैं । किसानों का कहना है कि गड्ढा इतना गहरा है कि जानवरो और लोगो की जान जा सकती हैं किसानों के खेतों में मनमानी तरीके से जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई की गई है मनमानी की हद इस कदर है कि सड़क के बगल में घटिया क्वालिटी के तीसरे दर्जे की ईट,सुखी ईट लगाई जा रही जिससे बार बार ईट उखड़ जाती है जो दुर्घटनाओं का कारण बन जाएगी किसानों के खेत को खोदकर मिट्टी निकाल कर गहरा गड्ढा बनाने और घटिया क्वालिटी के सड़क बनाने वाले ठेकेदारों के कारनामों से किसानों में आक्रोश व्याप्त है लेकिन विभाग के अधिकारी इन ठेकेदार के कारनामों को संज्ञान लेने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं

## न्यूज झरोखा

### डीएम ने बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया श्रद्धासुमन अर्पित





**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने मंगलवार को उदयन सभागार में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश ने कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे और एक महान विभूति थे भारतीय संविधान के निर्माण में उनका अद्वितीय योगदान रहा है। वे एक महान समाज परिवर्तनकर्ता थे। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए तथा उनके आदर्शों का अनुकरण करना चाहिए।कार्यक्रम में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अजेंद्र सिंह एवं एस.पी. वर्मा ने भी डॉ.भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन,सिद्धांतों एवं उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला।

### मुख्य विकास अधिकारी ने बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किए अर्पित



**कौशाम्बी** बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने बाबा साहब के जीवन दर्शन,उनके उच्च आदर्शों एवं समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कमर्चारियों ने भी बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विकास भवन के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कमर्चारीगण उपस्थित रहे।

### केक काटकर मनाई बाबा साहब की 135वीं जयंती, संविधान पालन का लिया संकल्प



**टेढ़ीमोड़ ।** सिराथू तहसील क्षेत्र के टेढ़ीमोड़ स्थित मीडिया हाउस में मंगलवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के मौके पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पत्रकार धर्मेंद्र सोनकर व मानसिंह सरोज के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजीव कुमार मौर्य व जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर ने कार्यक्रम की शुरुआत किए बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद केक काटकर उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को केक एवं मिष्ठान (लड्डू) का वितरण किया गया। साथ ही सभी ने संविधान की रक्षा एवं उसके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।मुख्य अतिथि जितेंद सोनकर ने कहा कि बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान देश की एकता और अखंडता की आधारशिला है। उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है।इस अवसर पर पूर्व प्रधान नरेश सोनकर,शिव प्रताप सिंह,राम प्रकाश त्रिपाठी,थाना अध्यक्ष कोखराज चंद्रभूषण मौर्य चौकी प्रभारी शहजादपुर सत्य प्रकाश , अरुण कुमार सरोज रामबाबू श्रीवास, रामविलास पटेल,अशोक कुमार गुप्ता,अजीत कुमार मौर्य, विष्णु सोनी,मो.आरिफ,लकी तिवारी,गजराज पाण्डेय,विष्णुकांत तिवारी सत्यम त्रिपाठी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे

### धर्मा देवी इण्टर कॉलेज में मनाई गई बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती





**कौशांबी** भारतीय संविधान के शिल्पकार समानता व न्याय के प्रवर्तक भारतरत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के जन्म जयंती के अवसर पर दिनांक 14 अप्रैल 2026 मंगलवार को धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार के प्रांगण में बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित करके जयंती मनाई गई जिसमें अम्बेडकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राम किरण त्रिपाठी ने उनके जीवन के संघर्ष के विषय में चर्चा की। विद्यालय के सामाजिक विज्ञान शिक्षक ललित कुमार ने उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं के मध्य अम्बेडकर जी के कृतित्व पर विस्तृत जानकारी साझा की।इस जन्म जयंती के अवसर पर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज व डी डी कॉन्वेंट स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

### डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती पर अगियौना में विधिक सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन



**कौशांबी** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को ग्राम पंचायत अगियौना में विधिक सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों को उनके अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, महिला एवं बाल संरक्षण कानूनों तथा समाज में न्याय की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए सभी को संविधान के प्रति जागरूक रहने और अपने अधिकारों का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।शिविर में आमजन को विभिन्न कानूनी योजनाओं, शिकायत निवारण प्रक्रियाओं और सरकारी सुविधाओं के बारे में भी बताया गया।इस कार्यक्रम में तहसीलदार मंझनपुर पुष्पेंद्र सिंह,राजस्व निरीक्षक,लेखपाल व समस्त पीएलवी कृष्णा कपूर, मनीषा दिवाकर, अचर्ना पाल, निलेश कुमार, बड़े लाल सहित गांव के तमाम लोग उपस्थित रहे अंत में सभी ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### नाबालिग को भगा ले जाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**महेवा घाट कौशांबी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र से 06 मार्च को एक नाबालिक बालिका को छोटू पुत्र सुखलाल बहला फुसला कर भगा ले गया पश्चिम शरीरा थाना में सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 14.04.2026 को थाना पश्चिम शरीरा पुलिस ने सर्विलांस सीडीआर की मदद से मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्त छोटू सागर पुत्र सुखलाल निवासी धवाड़ा थाना पश्चिम शरीरा को धवाड़ा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा हैं।

# सम्पादकीय

## तीन राज्यों में बंपर वोटिंग ने क्या संदेश दिया?

**सबसे** पहले बात असम की करें तो यहां का मतदान प्रतिशत न केवल पिछले चुनावों से अधिक रहा बल्कि कई क्षेत्रों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। कुल 126 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पहले के चुनावों के मुकाबले अधिक है। असम, केरल और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों में इस बार जबरदस्त मतदान ने लोकतंत्र की मजबूती का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। लगभग 80 प्रतिशत के औसत मतदान ने यह संकेत दिया है कि जनता न केवल राजनीतिक रूप से जागरूक है, बल्कि अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इतना ही नहीं, इस भारी मतदान ने राजनीतिक दलों की धड़कनें भी तेज कर दी हैं, क्योंकि हर दल इसे अपने पक्ष में जनसमर्थन के रूप में देख रहा है। हालांकि इस बंपर मतदान के वास्तविक मायने क्या हैं, यह समझने के लिए तीनों राज्यों का अलग अलग विश्लेषण जरूरी है।

सबसे पहले बात असम की करें तो यहां का मतदान प्रतिशत न केवल पिछले चुनावों से अधिक रहा बल्कि कई क्षेत्रों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। कुल 126 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पहले के चुनावों के मुकाबले अधिक है। खास बात यह रही कि सोलह निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान नब्बे प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। दलगांव में तो मतदान लगभग 95 प्रतिशत के करीब रहा, जो राज्य में सबसे अधिक है।

असम में चुनावी मुकाबला मुख्य रूप से दो ध्रुवों के बीच रहा। एक ओर भाजपा के नेतृत्व वाला सत्तारुढ़ गठबंधन है जो लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष गठबंधन सत्ता में वापसी के लिए संघर्षरत है। इसके अलावा कुछ क्षेत्रीय दल भी कुछ सीटों पर प्रभाव डालने की स्थिति में हैं। यहां मतदान का एक महत्वपूर्ण पहलू क्षेत्रीय असमानता के रूप में सामने आया। निचले असम के क्षेत्रों में, जहां अल्पसंख्यक मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां मतदान प्रतिशत अत्यधिक रहा। बरपेटा, बोंगाईगांव और धुबरी जैसे जिलों में मतदान नब्बे प्रतिशत से ऊपर दर्ज किया गया। इसके विपरीत ऊपरी असम के क्षेत्रों में मतदान अपेक्षाकृत कम रहा। इससे यह संकेत मिलता है कि चुनावी उत्साह उन क्षेत्रों में अधिक था जहां मुकाबला अधिक तीखा है।

हालांकि मतदान के दौरान कुछ स्थानों पर हिंसा की घटनाएं भी सामने आईं, लेकिन कुल मिलाकर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। भारी मतदान को लेकर सत्तारुढ़ नेतृत्व ने इसे ऐतिहासिक बताया और इसे जनता के विश्वास का प्रतीक माना।

अब केरल की बात करें तो यहां का चुनाव परंपरागत रूप से दो प्रमुख गठबंधनों के बीच होता रहा है। इस बार भी मुख्य मुकाबला सत्तारुढ़ वाम मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ मोर्चे के बीच रहा, जबकि तीसरा विकल्प बनने की कोशिश कर रहा भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगा है। केरल में लगभग 77 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया।

# युद्धविराम और हाशिए पर धकेल दिया गया भारत

– डॉ. मलय मिश्रा

**यह** युद्ध स्पष्ट रूप से नेतन्याहू की देन है और ट्रम्प इसके परिणामों के बारे में सोचे-समझे बिना ही इसमें फंस गए। अमेरिका के नाटो सहयोगियों द्वारा उनके हवाई क्षेत्र से उड़ान भरने या अमेरिकी ठिकानों के उपयोग करने की अनुमति देने से इंकार करना अंतिम झटका साबित हुआ जिसने ट्रम्प को इस क्षेत्र से पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। जलडमरूमध्य अभी भी ईरान के नियंत्रण में है।

पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा मंगलवार 8 अप्रैल को घोषित दो सप्ताह का विराम एक राहत की बात है लेकिन इससे अंतरराष्ट्रीय नियमों पर आधारित व्यवस्था के पतन से चिह्नित नई भू-राजनीतिक गतिशीलता में कोई बदलाव नहीं आएगा। यह अनिश्चित है कि युद्ध पूरी तरह से कब समाप्त होगा परन्तु यह निश्चित है कि क्षेत्र की संरचना फिर कभी पहले जैसी नहीं रहेगी। पश्चिमी एशिया में चल रहा युद्ध दूसरे महीने में भी आक्रामक और खतरनाक रूप ले चुका है। यह शायद दो दशकों में सबसे विनाशकारी संघर्ष है। इजरायल-अमेरिका और ईरान सैन्य शक्ति के नजरिये से एक असमान और विषम युद्ध लड़ रहे हैं जिसके उद्देश्य तेजी से बदलते रहे हैं और उनमें कोई सामंजस्य नहीं है। इस विनाशकारी तबाही और नरसंहार में अब तक कई प्रवासी भारतीयों सहित 3000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। विश्वविद्यालयों, परमाणु, बिजली और ऊर्जा केंद्रों को निशाना बनाया जा रहा है। युद्ध तेजी से बढ़ा है और क्षेत्रीय स्तर पर फैल गया है जिसके दूरगामी परिणाम खाड़ी क्षेत्र से परे हैं।

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को 'आतंकवाद का स्रोत' एवं हमास, हिजबुल्लाह, हूथी विद्रोहियों तथा इराक एवं सीरिया के मिलिशिया जैसे गैर-सरकारी संगठनों का संरक्षक बताते हुए 'अस्तित्वगत खतरा' और 'विनाशकारी' कहा था। वेनेजुएला में अपने अभियान और ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बेतुकी मांगें करने वाले अस्थिर अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली प्रधानमंत्री द्वारा तैयार की गई युद्ध की योजना को तुरंत स्वीकार कर लिया। ईस्लामी शासन ने बड़े पैमाने पर चले जनांदोलन और जनवरी में एक महीने तक चले दंगों द्वारा क्रूरतापूर्वक कुचल दिया, फिर भी इसने एक आदर्श पृष्ठभूमि प्रदान की और सत्ता परिवर्तन आक्रमणकारियों का पहला घोषित युद्ध-लक्ष्य बन गया। युद्ध के पहले ही दिन 28 फरवरी को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई, 40 शीर्ष सैन्य व सुरक्षा अधिकारियों और उनके परिवारों के करीबी सदस्यों की लक्षित हत्या कर दी गई। बंकर में जाने से इंकार करते हुए 86 वर्षीय अयातुल्ला ने सच्चे शिया इस्लामी परंपरा के अनुसार शहादत को गले लगाना उचित समझा। इसके तुरन्त बाद ईरान के तीसरे सर्वोच्च नेता के रूप में चुने जाने वाले मोजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हो गए लेकिन ईरानी क्रांतिकारी गार्ड कोर और मौलवियों के मजबूत समर्थन से युद्ध प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं।

इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरान की जनता से विद्रोह करने तथा अपनी सरकार पर कब्जा करने का आह्वान करने वाली योजना बुरी तरह विफल हो गई। इसके विपरीत इन जघन्य हत्याओं ने जनता को एकजुट कर दिया और वे क्रांति के 'शत्रुओं' से लड़ने में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) का समर्थन कर रहे हैं। ईरान के लिए यह अस्तित्व का युद्ध था; अपनी संप्रभुता पर हुए इस कपटपूर्ण, अवैध और पूरी तरह से अनुचित हमले से खुद को बचाना था। ईरान पिछले 20 वर्षों से ऐसी किसी भी तरह की स्थिति से निपटने की तैयारियां कर रहा था और पिछले जून में अमेरिका समर्थित इजरायल द्वारा ईरानी परमाणु ठिकानों पर किए गए क्रूर हमलों के 12 दिवसीय युद्ध के अनुभव से उसने कई सबक सीखे थे।

ईरान की एकीकृत कमान प्रणाली एक विकेन्द्रीकृत कमान और नियंत्रण संरचना में बदल गई जिसमें सभी 30 प्रांतों ने अलग-अलग कमांडरों के अधीन अपनी-अपनी सेनाएं गठित कीं। ये कमांडर तेहरान स्थित केंद्रीय कमान में स्थित सर्वोच्च नेता के समग्र निर्देशन में स्वायत्त रूप से लड़ेंगे।



इसके अलावा शीर्ष स्तर के समाप्त होने की स्थिति में सत्ता समूहों को कार्यभार संभालने के लिए तैयार किया गया था। दूसरे, फारस की खाड़ी के तट सहित पूरे देश में विस्तृत भूमिगत सुरंगों का निर्माण करके वे अपनी मिसाइल और ड्रोन उत्पादन क्षमता को बरकरार रख सके और समन्वित और आक्रामक तरीके से हमले कर सके। शुरूआत में वे दुश्मन के अवरोधक विमानों और वायु रक्षा प्रणालियों को कमजोर करने के लिए अपनी पुरानी मिसाइलों का उपयोग करते थे जबकि अपनी नवीनतम तथा तकनीकी रूप से उन्नत मिसाइलों और ड्रोनों को बाद के उपयोग के लिए सुरक्षित रखते थे। चीन और रूस जैसी दो महाशक्तियों के स्पष्ट समर्थन से शक्तिशाली अमेरिका के खिलाफ ईरान 21वीं सदी का युद्ध लड़ रहा है। ईरान जानता है कि वह अमेरिका-इजरायल गठबंधन को हरा नहीं सकता लेकिन वह उन्हें और क्षेत्र में उनके सहयोगियों को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। वह दर्द और बलिदान सह सकता है, लेकिन बदले में दर्द भी पहुंचा सकता है और अंत तक लड़ सकता है।

यह एक विवादास्पद मुद्दा है कि क्या यह युद्ध अमेरिकी कांग्रेस अथवा संयुक्त राष्ट्र की अनुमति के बिना शुरू हुआ था या राष्ट्रपति ट्रम्प ने नेतन्याहू के साथ पूरी तरह से गठबंधन द्वारा शक्ति प्रदर्शन के रूप में शुरू किया था जिसका उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल एवं ड्रोन उत्पादन क्षमता को नष्ट करना था। अमेरिका में शक्तिशाली यहूदी लॉबी ने इजरायल के लिए वाशिंगटन का पूर्ण समर्थन हासिल करने के लिए अथक प्रयास किए थे।

युद्ध के दौरान भूगोल और ऊर्जा ईरान के सबसे बड़े हथियार रहे हैं। होर्मुज स्ट्रेट (जलडमरूमध्य) वैश्विक ऊर्जा की जीवनरेखा है जिससे होकर वैश्विक तेल और गैस का 20 प्रतिशत से अधिक परिवहन होता है। होर्मुज पर पूर्ण नियंत्रण के साथ इस क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और इजरायल के महत्वपूर्ण सैन्य, नागरिक व परमाणु लक्ष्यों पर सटीक हमले करके ईरान शक्ति का केंद्र बन गया है। चीन और रूस द्वारा दिए गए उपग्रह समर्थन से ईरान को हवाई श्रेष्ठता मिल गई है जिसके कारण उसे रणनीतिक और सामरिक दोनों स्तरों पर बढ़त हासिल है।

इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर कि युद्ध किस तरह जारी रखा जाए, ट्रम्प नए विकल्प तलाशने के लिए बेताब हैं। इसके साथ ही वे इससे निकलने के रास्ते भी तलाश रहे हैं। मध्यस्थों के माध्यम से ईरान से बातचीत करने और जमीनी स्तर पर सैन्य कार्रवाई की मांग करने वाले उनके बयानों ने उन्हें अस्थिर और अपने ही बयानों का विरोधी दिखाया है। यह स्पष्ट है कि फारस की खाड़ी में ईरानी तटरेखा पर खार्ग तथा ग्रेटर और लेसर टम्ब्स द्वीपों को सुरक्षित करने के लिए जमीनी अभियान शुरू करने की राष्ट्रपति ट्रम्प की योजना, होर्मुज पर बलपूर्वक नियंत्रण हासिल करने का अंतिम प्रयास हो सकती थी जिससे तीव्र जवाबी कार्रवाई की आशंका थी। खार्ग एक जबर्दस्त किलेबंद द्वीप है जो ईरान के अधिकांश तेल निर्यात के लिए प्रमुख टर्मिनल के रूप में कार्य करता है। इसके अलावा ईरान समर्थित हूथी विद्रोहियों ने इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागकर और लाल सागर और स्वेज नहर के बाब अल-मन्देब मार्ग को अवरुद्ध करने की धमकी देकर एक और मोर्चा खोल दिया था। इसलिए अमेरिका द्वारा 'आज रात एक पूरी सभ्यता का अंत हो जाएगा' वाली धमकी के मद्देनजर दो सप्ताह का युद्धविराम अंतिम समय में किया गया बदलाव है जो अचानक तो है ही, पूर्णतया अप्रत्याशित नहीं है। यह युद्ध स्पष्ट रूप से नेतन्याहू की देन है और ट्रम्प इसके परिणामों के बारे में सोचे-समझे बिना ही इसमें फंस गए। अमेरिका के नाटो सहयोगियों द्वारा उनके हवाई क्षेत्र से उड़ान भरने या अमेरिकी ठिकानों के उपयोग करने की अनुमति देने से इंकार करना अंतिम झटका साबित हुआ जिसने ट्रम्प को इस क्षेत्र से पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। जलडमरूमध्य अभी भी ईरान के नियंत्रण में है। यह पीछे हटना निस्संदेह अमेरिका की घरेलू राजनीति में हलचल पैदा करेगा क्योंकि 'नो किंग्स' विरोध-प्रदर्शन में पूरे अमेरिका से 80 लाख से अधिक प्रदर्शनकारी शामिल हुए जो इमिग्रेशन एंड कस्टम इन्फोर्समेंट (आईसीई) एजेंटों द्वारा अवैध अप्रवासियों की पहचान करना, उन्हें हिरासत में लेना व देश से बाहर निकालने के लिए अत्यधिक बल प्रयोग और ईरान के साथ युद्ध के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं।

अपनी अर्थव्यवस्था और विकास की गति पर गंभीर प्रभावों का सामना करते हुए अमेरिका और इजरायल दोनों के साथ अपने रणनीतिक संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करने के बारे में भारत विचार कर सकता है।

# अमेरिकी कांग्रेस में ट्रंप पर महाभियोग लगाने की मांग तेज

असद मिजा

यह केवल विचारधारा की बात भी नहीं है। यह इस बारे में नहीं है कि कोई प्रशासन की व्यापक नीतियों का समर्थन करता है या विरोध। यह 'क्षमता' की बात है। राष्ट्रपति पद के लिए जिस स्तर के विवेक की आवश्यकता होती है, वह नपा-तुला, सुविचारित और परिणामों की गहरी समझ पर आधारित होना चाहिए। राष्ट्रपति द्वारा कहे गए–या पोस्ट किए गए–शब्द केवल कोरी बयानबाजी नहीं होते।

ऐसा लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप की मंगलवार सुबह की 'ट्रुथ सोशल' पोस्ट, जिसमें उन्होंने धमकी दी थी कि 'आज रात पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी' और जिससे परमाणु युद्ध का खतरा उत्पन्न हो गया था,ने अमेरिकी सांसदों को झकझोर दिया है, जिसके बाद, ट्रंप पर महाभियोग चलाने या 25वें संशोधन का इस्तेमाल करके उन्हें पद से हटाने की मांगों का सिलसिला शुरू हो गया है।

हालांकि अमेरिका, ईरान और इजरायल 7 अप्रैल को दो हफ्ते के युद्धबंदी पर सहमत हो गए थे, लेकिन तेहरान ने एक जवाबी प्रस्ताव भी पेश किया है। इस प्रस्ताव में प्रतिबंध हटाना, युद्ध से हुए नुकसान के लिए एक फंड बनाना, खाड़ी क्षेत्र से अमेरिकी सैनिकों की संभावित वापसी, और परमाणु हथियार न बनाने के वादे के बदले ईरान के यूरेनियम संवर्धन के अधिकार को मान्यता देना शामिल है।

अब तक यह साफ नहीं है कि अमेरिका इनमें से किसी भी प्रस्ताव पर सहमत हुआ है या नहीं। तेहरान होर्मुज जलडमरूमध्य को अस्थायी रूप से फिर से खोलने पर सहमत हो गया,



जबकि व्हाइट हाउस ने इजरायल की भागीदारी की पुष्टि की। यह सफलता पाकिस्तान के नेतृत्व के साथ बातचीत के बाद मिली, जिसने युद्धबंदी के लिए जोर दिया था।

समझौते के तहत, सुरक्षित मार्ग का समन्वय किया जाएगा, जिसमें ईरान और ओमान को वहां से गुजरने वाले जहाजों पर ट्रांजिट शुल्क लगाने की अनुमति होगी। तेहरान इस राजस्व का इस्तेमाल युद्ध के बाद के पुनर्निर्माण कार्यों के लिए करने की योजना बना रहा है।

यह सब अमेरिकी राष्ट्रपति की 'ट्रुथ सोशल' पर की गई एक पोस्ट की पृष्ठभूमि में हो रहा है, जिसमें उन्होंने बार-बार अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। जाहिर है, इस पोस्ट ने डेमोक्रेटिक सांसदों को तुरंत वॉशिंगटन लौटने पर मजबूर कर दिया, ताकि वे ईरान युद्ध को खत्म करने के तरीके पर मतदान कर सकें। न्यूयॉर्क के डेमोक्रेटिक नेता हकीम जेफरीज और हाउस के अन्य शीर्ष डेमोक्रेटिक सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप 'पूरी तरह से मानसिक संतुलन खो चुके हैं' और राष्ट्रपति को रोकने के लिए मतदान जरूरी है, इससे पहले कि वह 'देश को तीसरे विश्व युद्ध में धकेल दें,' जैसा कि वॉल स्ट्रीट जर्नल ने रिपोर्ट किया है।

ईरान में युद्ध का विरोध करने वाला एक द्विदलीय 'वॉर पावर्स रेजोल्यूशन' मार्च में सदन में 212-219 वोटों से पहले ही फेल हो चुका है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पद से हटाने के बारे में डेमोक्रेट्स ने जो हिचकिचाहट दिखाई थी – यहां तक कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने और कांग्रेस की मंजूरी के बिना ईरान पर हमला करने के बाद भी– वह ईरान को दी गई उनकी ताजा धमकी के बाद तुरंत खत्म हो गई।

'यह नरसंहार की धमकी है और इसके लिए उन्हें पद से हटाया जाना चाहिए। राष्ट्रपति की मानसिक क्षमताएं कमजोर पड़ रही हैं और उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता,' प्रतिनिधि अलेक्जेंड्रिया ओकासियो-कोर्टेज ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया। राष्ट्रपति की कमांड चेन में शामिल हर व्यक्ति से उन्होंने कहा कि आपका यह फर्ज है कि आप गैर-कानूनी आदेशों को मानने से इंकार कर दें।

सीएनबीसी के अनुसार, उन्हें पद से हटाने की चर्चा मंगलवार की 'ट्रुथ सोशल' पोस्ट से पहले ही शुरू हो गई थी, जब ट्रंप ने ईस्टर रविवार की एक पोस्ट के जरिए ईरान को धमकी दी थी।

# जनगणना में प्रवासी मजदूरों की गिनती जरूरी

अरविन्द मोहन

**सिर्फ** प्रवासी बन जाने से वहां रहना, खाना, पहनना, ओढ़ना से लेकर पढ़ाई तक का काम कितना मुश्किल हो गया है इसकी कल्पना मुश्किल है। लोकतंत्र हो तो संख्या का बल और लोकतान्त्रिक शासन हो तो संगठित जमातों की बारगेनिंग पावर को नजरअंदाज करना मुश्किल होता है। अब यह दूसरी ताकत भी तभी हासिल होगी जब पहला काम हो जाएगा।

तो इस बार के चुनाव में भी मजदूरों के पलायन का सवाल आ ही गया। कैसा भी चुनाव हो, विकसित राज्य का हो या पिछड़े राज्य का, पलायन और प्रवासी मजदूर मुद्दा बन जाते हैं। पिछड़ा बिहार हो या विकसित पंजाब, यह मुद्दा है। दिल्ली में तो प्रवासियों का वोट निर्णायक ही माना जाने लगा है पर इस बार चुनाव न बिहार में है न पंजाब में और न दिल्ली में। केरल में चुनाव है तो वह भी खाली होने लगा है। प्रवासी मजदूर सिर्फ रसोई गैस की तंगी से ही नहीं वोट देने के लिए अपने देश बंगाल और असम लौट रहे हैं। तमिलनाडु में बहुत बिहारी मजदूर हैं तो उनका लौटना खास चरचा में नहीं है क्योंकि अभी वे वहां के वोटर नहीं हैं। केरल में तो आर्थिक जीवन ही नहीं हर तरफ प्रवासी बिहारी, झारखंडी, बंगाली और असमिया या ओडिया मजदूरों का 'राजइ है। उनके हिसाब से सस्ते होटलों का खाना बनता है,



सिनेमा दिखाया जाता है, बसों पर हिन्दी और बांग्ला में तख्तियां लगाकर उनके आने-जाने के स्थान की सूचना दी जाती है, कमरों का किराया तय होता है और उनके बंगाल और असल लौटने की वजह मतदाता सूचियों का बृहद संशोधन और उस नाम पर लोगों के नाम काटने जोड़ने का खेल भी एक वजह है। कई तो अपने अपूर्ण या विवादित दस्तावेज की गवाही के लिए पहले आ गए हैं लेकिन ज्यादातर को लगता है कि वोट गिराने से उनकी नागरिकता पुख्ता होगी। इस बार प्रवासी मतदाताओं की उस तरह लल्लो-चप्पों नहीं हो रही है जैसा अक्सर अब बिहार या दिल्ली या फिर पंजाब चुनाव में दिखाई देता है। वहीं क्यों? अब तो मुंबई और सूरत वगैरह में भी चुनाव के समय भी प्रवासियों की आवाजाही और वोट का सवाल प्रमुख बनता है। पार्टियां उनके लिए खास तौर से उन राज्यों के अपने नेताओं को जिम्मा सौंपती है। मोटा फंड भी दिया जाने लगा है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लोग भी पेड लीव और रिटर्न प्लेन टिकट के साथ अपने शहर भेजे जाते हैं। मजदूरों को साड़ी, बिंदी सहित छुट्टी के साथ घर भेजा जाता है।

पिछले बिहार चुनाव में दिल्ली और हरियाणा से स्पेशल रेलगाड़ियां चलाई गईं और मजदूरों को मुफ्त में लाया-ले जाया गया। भाजपा ने यह काम किया तो विपक्ष को इसे मुद्दा बनाने का मौका मिला। इस बार न पक्ष सक्रिय है न विपक्ष। सारा जतन प्रवासियों को खुद करना है। हां, इतना जरूर हुआ है कि बार-बार दिखने वाली दुर्दशा के चलते इस बार मीडिया, खासकर सोशल मीडिया में मजदूरों की घर वापसी एक मुद्दा बनकर सामने आई है। इसमें मुख्य मसला रसोई गैस के संकट का है।

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद राणा अजीत सिंह सौ रुपए के मुचलके पर रिहा

**सुलतानपुर। कल्यानपुर** गोलीकांड में करीब 28 दिनों से जेल में निरूद्ध बीज निगम के पूर्व चेयरमैन राणा अजीत प्रताप सिंह की तरफ से हाईकोर्ट में पेश याचिका पर सीजेएम कोर्ट से पारित समस्त रिमांड आदेश निरस्त होने सम्बन्धी प्रति सोमवार को पेश करते हुए रिहाई आदेश जारी करने की मांग की गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में आरोपी राणा अजीत प्रताप सिंह को अन्य किसी मामले में वांछित नहीं होने की दशा में सौ रुपए के



निजी बंधपत्र पर रिहा करने का आदेश दिया है। अदालत ने रिहाई आदेश की प्रति जिला कारागार अधीक्षक को भेजने का आदेश दिया। वहीं मामले के सह आरोपी प्रवेश सिंह,दुर्गेश दूबे,विनय सिंह की जमानत अर्जी पर जिला जज सुनील कुमार की अदालत में सोमवार को सुनवाई बाधित रही। अदालत ने तीनों की जमानत अर्जी पर बहस के लिए 18 अप्रैल की तारीख तय किया है।

## पुलिस लाईन में पुलिस अधीक्षक चारु निगम द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**सुल्तानपुर 14 अप्रैल 2026 को भारत** रत्न, भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के अवसर पर पुलिस लाईन सुलतानपुर में पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदया ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता, सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकारों की स्थापना का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपने विचारों एवं कार्यों से समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा देश को एक सशक्त संविधान प्रदान



किया।महोदया ने उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करने एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त मूल्यों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता—का पालन करना प्रत्येक नागरिक एवं पुलिसकर्मी का कर्तव्य है।इस अवसर पर , पीआरओ पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर, आरआई सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दिल्ली मे सड़क हादसे मे नन्दौली गांव के युवक की मौत

**सुल्तानपुर। बल्दीराय** तहसील क्षेत्र के नन्दौली गांव निवासी एक युवक की दिल्ली में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।नन्दौली निवासी सुजात उल्ला उर्फ सुज्जु के भतीजे रिजवान अहमद (25) दिल्ली में हुए सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे के बाद परिवार में मातम का माहौल है। मृतक का शव देर रात तक दिल्ली से उसके पैतृक गांव नन्दौली लाया जा रहा है।परिजनों के अनुसार मरहूम रिजवान अहमद को बुधवार सुबह करीब 10 बजे गांव स्थित



कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। उनके असामयिक निधन से गांव के लोग स्तब्ध हैं और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास चित्रकूट में मंगलवार को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण और माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं मुख्य विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

इस मौके पर सुनील कुमार यादव कार्य अधिकारी, राकेश कुमार अभियंता, विश्वजीत यादव, इंद्रपाल प्रशासनिक अधिकारी, संजय सिंह राणा वरिष्ठ पत्रकार, ग्राम प्रधान रानीपुर भट्ट, सी.पी. पाण्डेय कोर्स को ऑर्डिनेटर मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।



समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जनपद के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कलचिहा में कृष्ण कुमार सिंह पूर्व राज्य मंत्री गौ सेवा आयोग, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मानिकपुर में विनोद चंद्र द्विवेदी प्रतिनिधि नगर पंचायत मानिकपुर, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सरधुआ मे जगदीश प्रसाद गौतम क्षेत्रीय संयोजक एवं शंकर दयाल निषाद मंडल अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपद के राजकीय संप्रेक्षण ग्रह किशोर में बाबा साहब अंबेडकर का जन्मदिवस बडे. ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर सिंह ने अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। संचालन करते हुए योगाचार्य संजय कुमार ने सभी किशोरों को संविधान और बाबा साहब के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी को मौलिक अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्यों का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया। अंत में योगाचार्य ने सभी को संविधान का पालन करने की शपथ दिलाई कार्यक्रम में शिक्षक मानवेंद्र मिश्रा, उमेश श्रीवास्तव, भरत मिश्रा, कंप्यूटर शिक्षक राजबहादुर सिंह, आरक्षी रामकैलाश, मनीष कुमार, रणवीर, अजीत कुमार, संस्था कर्मचारी दिलीप कुमार व लवलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## लावारिस बच्ची को चाइल्ड लाइन टीम को किया गया सुपुर्द

**चित्रकूट ।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के कुशल मार्गदर्शन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता के कुशल निर्देशन में चल रही चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 द्वारा बीते 12 अप्रैल को चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में एक 2.5 वर्षीय अबोध बालिका को संरक्षित किया गया। लगभग 6 बजे चाइल्ड लाइन प्रभारी राजेंद्र ने चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक को फोन पर बताया कि एक 2.5 वर्ष की बच्ची स्टेशन में मिली है। चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक विशेष कुमार त्रिपाठी ने तत्काल सुपरवाइजर काजल सिंह को बच्ची को अपनी सुपुर्दगी में लेने के लिए भेजा और स्वयं मौके पर पहुंचे। रेलवे स्टेशन में बने कंट्रोल रूम में लालजी सीसीटीवी फुटेज देखने पर बालिका अपने मां के आस पास खेलती हुई दिखाई दी। स्टेशन में मशीन द्वारा टिकट बेचने वाले मुकेश ने पूछताँछ के दौरान बताया कि यह बच्ची टिकट विंडो के पास अपने मां के साथ खेल रही थी और बच्ची की मां ने बच्ची को सुलाने के बाद मुझसे ग्वालियर का टिकट लिया था। सीसीटीवी फुटेज देखने पर टिकट लेने के बाद बच्ची की मां कहीं नजर नहीं आई। बच्ची को लेकर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम सी.डब्ल्यू.सी. अध्यक्ष राकेश माथुर के आवास पर गई। अध्यक्ष द्वारा बच्ची को राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई में आवासित करने का आदेश पारित किया गया। आदेश का पालन करते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक विशेष कुमार त्रिपाठी एवं काजल सिंह द्वारा बच्ची को मेडिकल के बाद आवासित करा दिया गया। बच्ची के परिजनों को खोजने का प्रयास किया जा रहा है। यदि बालिका की माँ या परिवार की जानकारी प्राप्त होती है तो उसकी सूचना 1098 पर, या बाल कल्याण समिति के समक्ष साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

## मऊ नगर पंचायत में अंबेडकर जयंती पर निकाला गया भव्य जुलूस

**मऊ/चित्रकूट ।** जनपद के मऊ नगर पंचायत क्षेत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य जुलूस निकाला गया। यह जुलूस मंगलवार को 5 बजे अनुसूचित जाति बस्ती से शुरू हुआ और पूरे नगर में घुमाया गया। जुलूस अनुसूचित बस्ती से प्रारंभ होकर शिवपुर चैराहा, मऊ बस स्टैंड, पावर हाउस तक पहुंचा। इसके बाद यह बाजार रोड, जमुना रोड से होते हुए पुनः अनुसूचित बस्ती में समाप्त हुआ। इस आयोजन में उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन और मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी सहित विभिन्न समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं और बच्चियों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। जुलूस में घोड़े, डीजे, रथ और विभिन्न प्रकार के नाच-गाने शामिल रहे। सभी ने नाचते गाते नगर भ्रमण किया। अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए उप जिलाधिकारी, मऊ थाना प्रभारी प्रकाश यादव और उनकी टीम सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। इसी प्रकार के जुलूस बरगढ़, लालता रोड और रामनगर सहित अन्य क्षेत्रों में भी निकाले गए।

## अंबेडकर जयंती पर नागरिक सुरक्षा कोर ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**चित्रकूट।** संविधान निमार्ता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयती के अवसर पर मंगलवार को नागरिक सुरक्षा कोर, चित्रकूट द्वारा एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर मानवता की सेवा और रक्तदान महादान के संकल्प के साथ जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नागरिक सुरक्षा कोर के उप नियंत्रक अजय कुमार ने रक्तदान कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की। इस शिविर में नागरिक सुरक्षा विभाग के स्वयंसेवक अस्मिता सिंह, ज्ञान चन्द्र, अनिल कुमार, शैलेन्द्र कुमार, कैश कुमार, गंगासागर, सुन्दर लाल, आलोक कुमार, विवेक सिंह, रेणुका यादव, श्रद्धा देवी, पिंकी देवी, पूनम देवी आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे। अमन कुमार, दीपक कुमार स्टाफ द्वारा रक्तदान किया गया।

शिविर का शुभारंभ चन्द्रशेखर अपर जिलाधिकारी द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ साथ किया गया। इस अवसर पर स्वप्निल यादव अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, अजय कुमार डिप्टी कलेक्टर उप नियंत्रक और कलेक्ट्रेट परिसर के समस्त कर्मचारी एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

शिविर में नागरिक सुरक्षा कोर के वार्डन, स्वयंसेवकों और कलेक्ट्रेट परिसर के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेडिकल टीम के डॉ. कमल त्रिवेदी तथा रक्त कोष के लाइजन अधिकारी शंकरदीन की देखरेख में सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रहित किया गया। तथा होमगार्ड विभाग की कम्पनी कमाण्डर कमलेश कुमार सिंह तथा होमगार्ड स्वयंसेवकों की उत्साहजनक भागीदारी रही। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र और जलपान प्रदान कर उनके इस पुनीत कार्य की अपर जिलाधिकारी द्वारा सराहना की गई।

इस अवसर पर नागरिक सुरक्षा कोर के पदाधिकारियों ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। बाबा साहब ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था, और उनके जन्मदिवस पर रक्तदान के माध्यम से किसी का जीवन बचाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। शिविर के दौरान स्वास्थ्य मानकों और स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखा गया। इस दौरान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, समस्त स्टाफ, वार्डन, स्वयंसेवक और समस्त कलेक्ट्रेट परिसर के कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक कुमार त्रिपाठी, सहायक उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा कोर द्वारा किया गया।

## शराब की दुकान के विरोध में ग्रामीण एकजुट, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**मऊ/चित्रकूट ।** मऊ क्षेत्र के मंदौर गांव में प्रस्तावित शराब की दुकान को लेकर ग्रामीणों में विरोध तेज हो गया है। सोमवार को ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एकजुट होकर जिलाधिकारी के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और दुकान खोलने की अनुमति निरस्त करने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में शराब की दुकान खुलने से सामाजिक माहौल बिगड़ेगा। समाजसेवी मंटू त्रिपाठी ने बताया कि इससे युवाओं और बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, साथ ही गांव में अपराध और विवाद की घटनाएं बढ़ सकती हैं।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि शराब की दुकान खुलने से महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। गांव का शांतिपूर्ण वातावरण प्रभावित होने की आशंका है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए गांव में शराब की दुकान खोलने की अनुमति न दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक यादव, दुर्गेश चंद्र, आकाश, धर्मेंद्र, वीरेंद्र प्रसाद, रिंकू, माया देवी, जया श्रीवास्तव, रामऔतार, शैलू, पप्पू, भइयालाल, जितेंद्र, छोटेलाल, कल्लू, रमेश, भोले, प्रेमचंद्र, अमित, कमला, राममुरारी सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आकांक्षी ब्लॉक रामनगर में अंबेडकर जयंती अवसर पर सम्पूर्णता अभियान का सफल समापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आकांक्षी ब्लॉक रामनगर में संचालित सम्पूर्णता अभियान 2.0 का समापन 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर ब्लॉक सभागार में आयोजित भव्य समारोह के साथ किया गया। यह अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल के मध्य संचालित रहा, जिसकी औपचारिक शुरूआत बीती 4 फरवरी को जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी एवं जिलाधिकारी द्वारा की गई थी।

नोडल अधिकारी व खंड विकास अधिकारी रामनगर, राजेश तिवारी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के प्रमुख सूचकांकों को संतृप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अभियान के दौरान 112 आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। साथ ही 6 माह से 6 वर्ष तक के 9032 नामांकित बच्चों को पूरक पोषाहार का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त 10,456 बच्चों का आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा वजन एवं लंबाई मापन कर पोषण ट्रैकर पर अद्यतन किया गया। पशुपालन क्षेत्र में 51,500 पशुओं का एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) टीकाकरण किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में 157 विद्यालयों में क्रियाशील शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई। इन सभी सूचकांकों को संतृप्त करने के लिए विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की गई।

समापन समारोह के दौरान ब्लॉक के बुद्धिजीवी वर्ग, जनप्रतिनिधियों, महिलाओं एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आकांक्षी ब्लॉक रामनगर में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के सूचकांकों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया।

अभियान की प्रगति रिपोर्ट जिला प्रशासन एवं भारत सरकार को प्रेषित की गई। अभियान के दौरान जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी द्वारा प्रत्येक 15 दिन में प्रगति की समीक्षा एवं मूल्यांकन भी किया जाता रहा, जिससे अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सका।

## 30 अप्रैल तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**चित्रकूट ।** उत्तर प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान 30 अप्रैल तक किया गया है, जिसका उद्देश्य डेंगू, मलेरिया, और दिमागी बुखार जैसी मौसमी बीमारियों को रोकना है। यह अभियान साफ-सफाई, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने और घर-घर जागरूकता फैलाने पर केंद्रित है। इस अभियान में आशा कार्यकत्री 30 अप्रैल तक घर-घर जाकर बुखार, टीबी और कुपोषित बच्चों की पहचान करेंगीं। मच्छरों से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनना, घरों के आसपास पानी जमा न होने देना, और व्यक्तिगत स्वच्छता को बढ़ावा देना, पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिमागी बुखार और अन्य संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना आदि को ध्यान में रखा जाएगा। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन में जिला मलेरिया अधिकारी व टीम के द्वारा ग्राम पंचायत रुकसार बीवी आनंदपुर, ग्राम पंचायत देउधा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगर, विकासखंड मानिकपुर के ग्राम पंचायत टिकरिया, सीतापुर ग्रामीण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ, खदेड़ा, सिद्धपुर, कर्वी शहर में आशा एवं मलेरिया टीम द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का सर्वे किया गया एवं झाडियों की साफ सफाई, पोस्टर, चस्पा करना, फागिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है।

## भाजपा कार्यालय में बड़े हर्षोल्लास से मनाई गयी अंबेडकर जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट ।** भाजपा कार्यालय में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती बडे. ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। जिला महामंत्री विपुल प्रताप के द्वारा संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। जिसमें जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और न्याय के लिए समर्पित रहा है। उनका योगदान केवल संविधान निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने समाज में शिक्षा, अधिकार और समानता की नई चेतना जगाई। जिला प्रभारी डॉ. अनिल यादव ने कहा कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर मूर्ति विकास योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस योजना को मंजूरी दी है, जिसके तहत हर विधानसभा में अंबेडकर की प्रतिमाओं और पार्कों का सुंदरीकरण और बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाएगा और प्रदेश के सभी जिलों में बाबा साहब की प्रतिमाओं पर छत्र लगवाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्र ने कहा कि। बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। उन्होंने उच्च शिक्षा विदेश से प्राप्त की और समाज में शिक्षा के महत्व को स्थापित किया। उन्होंने छुआछूत और भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन यह संदेश देता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा और आत्मविश्वास के बल पर बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। उनका जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान उनके कुछ मूल सिद्धांतो को संदेशों के साथ उनके योगदान को याद किया गया और सामाजिक समरसता पर बल दिया गया।

इस मौके पर कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला महामंत्री विपुल प्रताप, अश्वनी अवस्थी, दिनेश तिवारी, मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल, राजेश्वरी द्विवेदी, दिव्या त्रिपाठी, राजेश रैकवार, मनोज तिवारी, जवाहर सोनी, बृजेंद्र शुक्ला, हबीब खान, सुशील द्विवेदी, राजेंद्र अग्रहरि, श्रवण पटेल, शुभम केशरवानी, सोनू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री अंजू वर्मा ने किया।

## दीनदयाल शोध संस्थान के प्रकल्पों में मनाई गई बाबा साहेब की 135 वीं जन्म जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट ।** दीनदयाल शोध संस्थान के आरोग्यधाम सभागार में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती मनाई गई। इसके अलावा पद्म विभूषण से सम्मानित सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन, सचिव अपराजित शुक्ला, डॉ ओमप्रकाश सोनी एवं सभी प्रकल्पों के प्रभारी सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आशा का संगीत अमर है और उनकी आवाज हमेशा लोगों के दिलों में गूंजती रहेगी। उनकी गायकी ने हर पीढ़ी को प्रभावित किया है और आगे भी करती रहेगी। सभागार में मौजूद लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया।

बाबा साहेब की जयंती पर बोलते हुए महाजन ने कहा कि डॉ. बाबा साहेब की सामाजिक समानता, न्याय और ज्ञान का प्रतीक है। यह दिवस अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों के अधिकारों, शिक्षा के महत्व और जाति मुक्त समाज के उनके दृष्टिकोण को याद करने और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए समर्पित है। यह दिवस सामाजिक समरसता का संदेश देता है साथ ही समाज में समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को बढ़ावा देता है। हम सभी बाबा साहेब के मूलमंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाएं।

राष्ट्रऋषि नानाजी सदैव संगठित, सामाजिक समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों की बात करते थे एवं दीनदयाल शोध संस्थान भी इन्ही उद्देश्यों के साथ कार्य कर रहा है। वहीं एक अन्य कार्यक्रम कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित तथा दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान द्वारा संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती परमानन्द आश्रम पद्धति विद्यालय गनीवां में मनाई गई। जिसमें विद्यालय के प्रमुख संतोष कुशवाह, जन शिक्षण संस्थान के परियोजना समन्वयक बनारसी लाल पाण्डेय, प्रभाकर मिश्रा, जन्मजेय पांडेय सहित विद्यालय के बच्चों की सहभागिता रही। कृष्णा देवी वनवासी बालिका आवासीय विद्यालय मझगवां, रामनाथ आश्रमशाला विद्यालय पीली कोठी, कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां व गनीवां सहित संस्थान के सभी प्रकल्पों में भी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

# तेल आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर संकट

**अमेरिका**

**अमेरिका** और ईरान के बीच इस्लामाबाद वार्ता के बेनतीजा खत्म होने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा सैन्य फैसला लिया है। ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज जलडमरूमध्य में तुरंत प्रभाव से नाकाबंदी शुरू करेगी। उन्होंने साफ कर दिया है कि अब अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में उन जहाजों को भी रोका जाएगा जिन्होंने ईरान को टोल टैक्स का भुगतान किया है।

होर्मुज में बड़ा सैन्य अभियान

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की है कि उसके दो युद्धपोत (डेस्ट्रॉयर) होर्मुज जलडमरूमध्य में प्रवेश कर चुके हैं। यहां अमेरिकी सेना ने 'माइन-क्लियरिंग' अभियान शुरू किया है ताकि ईरान द्वारा बिछाई गई समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाया जा सके। एडमिरल ब्रैड कूपर के अनुसार, आने वाले दिनों में पानी के नीचे काम करने वाले आधुनिक ड्रोन भी इस अभियान का हिस्सा बनेंगे ताकि वैश्विक शिपिंग कंपनियों के लिए एक सुरक्षित समुद्री मार्ग तैयार किया जा सके।

वार्ता की विफलता पर ट्रंप का कड़ा रुख

ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट के जरिए बताया कि इस्लामाबाद बैठक में अधिकतर बिंदुओं



पर सहमति बन गई थी, लेकिन पेंच ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर फंसा। ट्रंप ने कहा, 'ईरान ने परमाणु हथियार छोड़ने से इनकार कर दिया, जिस कारण वार्ता विफल हुई। अब समझौता हो या न हो, मेरे लिए होर्मुज को सुरक्षित करना और वहां से अवैध वसूली रोकना पहली प्राथमिकता है।'

ईरान पर विनाशकारी हमले की चेतावनी

ईरान पर वैश्विक उगाही का आरोप लगाते हुए ट्रंप ने कहा कि ईरानी नौसेना, वायु सेना और रडार सिस्टम पहले ही तबाह हो चुके हैं। उन्होंने तीखी चेतावनी देते हुए कहा, 'खामेनेई और उनके अधिकांश नेता मारे जा चुके हैं। अगर किसी भी ईरानी बल ने अमेरिकी जहाजों पर हमला किया, तो उसे नरक में भेज दिया जाएगा।' ट्रंप ने दावा किया कि उनकी सेना ईरान के बचे-खुचे सैन्य बुनियादी ढांचे को भी खत्म करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

तेल आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर संकट

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया की 20% तेल आपूर्ति का मुख्य मार्ग है। 28 फरवरी को हुए हमलों के बाद ईरान ने इस रास्ते को लगभग ठप कर दिया है। पहले यहां से रोजाना 100 से ज्यादा जहाज गुजरते थे, जो अब घटकर केवल एक दर्जन रह गए हैं। इस नाकाबंदी से वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी उतार-चढ़ाव की आशंका है।

ईरान का पलटवार

दूसरी ओर, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी दावों को खारिज करते हुए कहा कि वे इस बातचीत में 'गहरे अविश्वास' के साथ शामिल हुए थे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका या इजरायल की ओर से फिर कोई हमला हुआ, तो ईरान उसका कड़ा जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिलहाल, होर्मुज में अमेरिकी युद्धपोतों की मौजूदगी ने युद्ध के दोबारा शुरू होने के संकेत दे दिए हैं।

# विफल होने पर क्या बोले इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू?

**अमेरिका**

**अमेरिका** और ईरान के बीच शांति वार्ता के विफल होते ही इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान को सफल बताते हुए कहा कि इजरायल ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं और ईरान के परमाणु व बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों को भारी नुकसान पहुंचाया है।

नेतन्याहू की तीखी प्रतिक्रिया

नेतन्याहू ने कहा कि ईरान ने हमास, हिजबुल्लाह, हूती और अन्य आतंकी गुटों के जरिए इजरायल को घेरने की कोशिश की थी, लेकिन अब पासा पलट चुका है। उन्होंने कहा, 'ईरान हमारा गला घोंटना चाह रहा था, लेकिन अब हम उनका गला घोंट रहे हैं। जो देश हमें खत्म करने की धमकी देता था, वह अब खुद को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सब 28 फरवरी को ईरान पर हुए अमेरिका-इजरायल के हमलों के



बाद शुरू हुआ और अभियान अभी जारी है।

रविवार को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस विफलता के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, 'अमेरिका अपनी 'रेड लाइन्स' पर कायम है और ईरान ने शर्तों को मानने से इनकार कर दिया है। वार्ता का विफल होना अमेरिका से कहीं ज्यादा ईरान के लिए बुरी खबर है। कोई समझौता न होने के कारण अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल वापस लौट रहा है।'

दूसरी ओर, ईरान ने बातचीत टूटने का पूरा दोष अमेरिका पर मढ़ा है। ईरान के सरकारी मीडिया क्ष्क्ष्क्ष के अनुसार, ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने शांति के लिए कई प्रस्ताव पेश किए थे, लेकिन अमेरिका की 'अनुचित मांगों' और अड़ियल रुख के कारण बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी।

# बेनतीजा बैठक के बाद इस्लामाबाद से खाली हाथ लौटे जेडी वेंस

## ईरान के अड़ियल रुख की आलोचना की

**इस्लामाबाद**

**मध्य**-पूर्व में जारी तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद में हुई शांति वार्ता विफल हो गई है। 40 दिनों के युद्ध और दो हफ्तों के अस्थायी युद्धविराम के बाद, दोनों देश इस शांति को स्थायी बनाने के लिए मिले थे, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने जैसे गंभीर मुद्दों पर सहमति नहीं बन सकी।

अमेरिका का रुख

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने 21 घंटे तक चली लंबी बातचीत के बाद अमेरिका लौटने का फैसला किया। उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका ने अपनी ओर से सबसे बेहतर समझौता पेश किया था, लेकिन ईरान ने इसे स्वीकार नहीं किया। वेंस ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ने अपनी 'रेड लाइन्स' साफ कर दी थीं और यह ईरान का फैसला था कि वह उन शर्तों को नहीं मानना चाहता।

परमाणु हथियारों पर बिगड़ी बात

जेडी वेंस ने संकेत दिया कि बातचीत टूटने की सबसे बड़ी वजह परमाणु



कार्यक्रम पर ईरान का रुख रहा। अमेरिका चाहता था कि ईरान भविष्य में परमाणु हथियार न बनाने की 'सकारात्मक प्रतिबद्धता' दे, जो उसे नहीं मिली। वेंस ने कहा, 'राष्ट्रपति का मुख्य लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार बनाने और ऐसी तकनीक हासिल करने से रोकना है जिससे वे बहुत तेजी से हथियार बना सकें।' उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि ईरान की परमाणु सुविधाएं नष्ट हो चुकी हैं, लेकिन उनके पास लंबे समय तक परमाणु हथियार न बनाने की कोई इच्छाशक्ति नजर नहीं आई।

शांति की उम्मीदों को झटका

वेंस के अनुसार, बातचीत के दौरान कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन खाड़ी क्षेत्र में लंबे समय तक शांति सुनिश्चित करने वाला कोई भी समझौता नहीं हो सका। उन्होंने इसे ईरान के लिए एक बुरी खबर बताया।

अब सवाल यह है कि वार्ता विफल होने के बाद क्या क्षेत्र में फिर से बड़े पैमाने पर युद्ध छिड़ जाएगा।

# इजरायल के बम, हवाई हमले में 6 की दर्दनाक मौत



**इजरायल**

**अमेरिका** और ईरान के बीच इस्लामाबाद में हुई शांति वार्ता के बेनतीजा खत्म होने के बाद इजरायल ने लेबनान पर अपने हमले और तेज कर दिए हैं। रविवार को दक्षिणी लेबनान के मारूब कस्बे में एक घर को निशाना बनाकर किए गए भीषण हमले में 6 लोगों की मौत हो गई।

लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, इजरायली लड़ाकू विमानों ने मारूब कस्बे में एक आवासीय घर पर बमबारी की। इस हमले के समय घर में सात लोग मौजूद थे, जिनमें से 6 की जान चली गई। इजरायल ने यह हमला बिना किसी पूर्व चेतावनी के किया। हालांकि, इजरायली सेना का कहना है कि वे केवल हिजबुल्लाह के ठिकानों और लड़ाकों को निशाना बना रहे हैं, लेकिन आवासीय क्षेत्रों में हो रही बमबारी से नागरिक हताहत हो रहे हैं।

युद्धविराम के बीच भीषण बमबारी

गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के अस्थायी युद्धविराम की चचाओं के दौरान भी इजरायल ने अपनी कार्रवाई जारी रखी थी। हाल ही में इजरायल ने महज 10 मिनट के भीतर लेबनान के 100 से ज्यादा ठिकानों पर बमबारी की थी, जिसे 'ऑपरेशन इटरनल डार्कनेस' का नाम दिया गया। उस हमले में 200 से ज्यादा लोग मारे गए थे और करीब 2,000 लोग घायल हुए थे।

लेबनान में मौतों का आंकड़ा 2,000 पार

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी हालिया आंकड़ों के अनुसार, 2 मार्च 2026 को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक इजरायली हमलों में 2,020 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में 248 महिलाएं, 165 बच्चे और 85 मेडिकल कर्मचारी शामिल हैं।

इसके अलावा, अब तक 6,436 लोग घायल हुए हैं और लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं।

# पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा



**इस्लामाबाद**

**पश्चिम** एशिया में शांति की उम्मीदों को उस समय बड़ा झटका लगा, जब इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच हुई 21 घंटे की मैराथन बातचीत बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। 40 दिनों के युद्ध और दो हफ्तों के संघर्ष-विराम के बाद शुरू हुई यह पहल बुरी तरह विफल रही है।

प्रतिनिधिमंडलों की रवानगी

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ईरान पर आरोप लगाते हुए पाकिस्तान से रवाना होने के तुरंत बाद, ईरानी प्रतिनिधिमंडल भी स्वदेश लौट गया है। इस प्रतिनिधिमंडल में ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघर गालिबफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची शामिल थे। जेडी वेंस ने स्पष्ट किया कि ईरान ने वाशिंगटन की शर्तों को मानने से इनकार कर दिया है, जिसके कारण कोई समझौता नहीं हो सका।

ईरान का रुख

वार्ता विफल होने के बावजूद ईरान ने कूटनीति के दरवाजे बंद नहीं किए हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा, 'कूटनीति कभी खत्म नहीं होती। यह राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का एक जरिया है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान, पाकिस्तान और अन्य मित्र पड़ोसी देशों के साथ बातचीत का सिलसिला जारी रखेगा।

पाकिस्तान की अपील

मेजबान देश पाकिस्तान ने इस स्थिति पर चिंता जताई है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने दोनों पक्षों से अपील की है कि भले ही बातचीत बेनतीजा रही हो।

# इस्लामाबाद में नहीं हुआ समझौता, अब क्या करेंगे ट्रंप? हॉर्मुज को लेकर बताया बड़ा एक्शन प्लान

**इस्लामाबाद**

**इस्लामाबाद** में शांति समझौते पर बात न बनने के बाद अब ट्रंप क्या करने वाले हैं. इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं. उन्होंने हॉर्मुज को लेकर बड़ा एक्शन प्लान बताया है. डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि उन्होंने स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज खोलने का वादा किया था. जानबूझकर ऐसा करने में नाकाम रहे. इससे दुनियाभर के कई लोगों और देशों में चिंता, उथलपुथल और तकलीफ पैदा हुई.

ट्रंप ने कहा कि वे कहते हैं कि उन्होंने पानी में बारूदी सुरंगें बिछाई हैं, जबकि उनकी पूरी नौसेना और उनके ज्यादातरबारूदी सुरंग बिछाने वाले जहाज पूरी तरह से तबाह हो चुके हैं. हो सकता है उन्होंने ऐसा किया हो, लेकिन कौन जहाज मालिक ऐसा जोखिम उठाना चाहेगा?

ईरान की प्रतिष्ठा की बड़ी बदनामी हुई

उन्होंने कहा कि इससे ईरान की प्रतिष्ठा को बहुत बड़ी बदनामी और हमेशा के लिए नुकसान पहुंचा है. उनके जो नेता बचे हैं, उनकी भी बदनामी हुई है. लेकिन अब हम इन सब बातों से आगे निकल चुके हैं. जैसा कि उन्होंने वादा किया था, बेहतर होगा कि वे इस अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग को खोलने की प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू करें.

ट्रंप बोले- वे हर कानून का उल्लंघन कर रहे

ट्रंप ने कहा कि वे हर कानून का उल्लंघन कर रहे हैं. मुझे उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर ने उस बैठक के बारे में पूरी जानकारी दी है, जो इस्लामाबाद में पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कुशल और बहुत ही सक्षम नेतृत्व में हुई थी. ट्रंप ने कहा कि वे बहुत ही असाधारण लोग हैं. भारत के साथ होने वाले एक युद्ध में 3 से 5 करोड़ लोगों की जान बचाने के लिए वे लगातार मेरा शुक्रिया अदा करते हैं. मुझे यह सुनकर हमेशा अच्छा लगता है।

# जिस लेबनान पर मिसाइलें दाग रहा इजरायल, वहां तैनात हैं भारत के 600 सैनिक

**लेबनान**

**जैसे**-जैसे मिडल ईस्ट में तनाव बढ़ रहा है लेबनान की मुश्किल बढ़ती जा रही है. दरअसल अब इजरायल की मिसाइलों ने लेबनान को निशाना बनाया है. आपको बता दें कि लेबनान में 600 भारतीय सैनिक भी मौजूद हैं. आइए जानते हैं कि क्या है इसके पीछे की वजह.

संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के तहत तैनाती

भारतीय सैनिक लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के हिस्से के रूप में तैनात हैं. इस मिशन की स्थापना संयुक्त राज्य द्वारा इजरायल और लेबनान के बीच संवेदनशील सीमा क्षेत्र पर शांति बनाए रखने के लिए की गई थी. वर्तमान में इस मिशन के तहत लगभग 600 से 900 भारतीय सैनिक दक्षिणी लेबनान में तैनात हैं. ये लगभग 50 देशों के शांति सैनिकों के साथ काम कर रहे हैं.

क्या है ब्लू लाइन?

ये सैनिक मुख्य रूप से ब्लू लाइन पर तैनात हैं. ब्लू लाइन 120 किलोमीटर लंबी एक सीमा है जो इजरायल और लेबनान को अलग करती है. यह कोई आधिकारिक सीमा नहीं है बल्कि सीधे संघर्ष को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा सीमांकित रेखा है. भारतीय सैनिक उल्लंघन पर नजर रखने, घुसपैठ को रोकने और इस बात को पक्का करने के लिए नियमित रूप से इस क्षेत्र में गश्त करते हैं कि तनाव और ज्यादा



ना बढ़े.

संघर्ष में शांति बनाए रखना

संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के तहत भारतीय सैनिकों की मुख्य जिम्मेदारी शांति स्थापना है. उनकी उपस्थित विरोधी पक्ष के बीच एक बफर के रूप में काम करती है. इससे सीधे सैन्य टकराव की संभावना भी कम हो जाती है. भारत दुनिया भर में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में सबसे बड़े योगदानकताओं में से एक है. संयुक्त राष्ट्र आंतरिक बल में इसकी भागीदारी वैश्विक शांति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति इसकी कमिटमेंट को दर्शाती है.

मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारतीय सैनिक और दूसरे शांति सैनिक काफी ज्यादा सावधानी के साथ काम कर रहे हैं. आपको बता दें कि भारतीय टुकड़ियां लेबनानी सेना की भी मदद करती हैं. ऐसा इसलिए ताकि वे दक्षिणी लेबनान में प्रभावी ढंग से तैनात हो सकें. इसके अलावा वे मानवीय कार्यों में भी योगदान देती हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# 21 घंटे की मैराथन बैठक बेनतीजा, दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े रहे

**ईरान**

**ईरान** और अमेरिका के बीच शांति की कोशिशों को बड़ा झटका लगा है। इस्लामाबाद में पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुई पहले दौर की बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई है। करीब 21 घंटे तक चली इस मैराथन बैठक के बाद अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने साफ कर दिया कि वार्ता नाकाम रही है और इसके लिए उन्होंने ईरान के कड़े रुख को जिम्मेदार ठहराया है।

वार्ता में क्या हुआ?

शनिवार को शुरू हुई यह चर्चा करीब 15 घंटे और कुल मिलाकर 21-25 घंटे तक चली। जेडी वेंस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि लंबी चर्चा के बावजूद दोनों पक्षों के बीच मतभेद बरकरार हैं। उन्होंने कहा, 'बुरी खबर यह है कि हम किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सके क्योंकि ईरानी प्रतिनिधिमंडल हमारी शर्तों को मानने के लिए तैयार नहीं था।'

किन मुद्दों पर फंसा पेंच?

अमेरिका की मुख्य मांग है कि ईरान अपना परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद करे। ट्रंप का लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना है। वहीं, ईरान ने अमेरिका की इन शर्तों को अनुचित बताते हुए खारिज कर दिया। ईरान का कहना है कि अमेरिका वह सब कुछ बातचीत से हासिल करना चाहता है जो वह युद्ध से नहीं जीत सका। ईरान ने स्पष्ट किया कि वह होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए रखेगा और यूरेनियम संवर्धन के अधिकार को नहीं छोड़ेगा।

ईरान की 10 प्रमुख शर्तें

ईरान ने अपनी शर्तों को बहुत स्पष्ट और कड़ा रखा है। ईरान की मांग है कि



अमेरिका उस पर कोई हमला न करे और अपनी आक्रामकता पूरी तरह छोड़ दे। साथ ही, वह होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए रखना चाहता है और यूरेनियम संवर्धन का अधिकार भी अपने पास रखना चाहता है। ईरान ने शर्त रखी है कि अमेरिका उस पर लगे सभी प्राथमिक और द्वितीयक प्रतिबंधों को हटाए और संयुक्त राष्ट्र व अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रस्तावों को खारिज किया जाए। इसके अलावा, ईरान ने युद्ध में हुए नुकसान के मुआवजे, क्षेत्र से अमेरिकी सैनिकों की वापसी और लेबनान समेत अन्य मोर्चों पर हमलों को तुरंत रोकने की भी मांग की है।

अमेरिका की 3 मुख्य मांगें

इस शांति वार्ता के दौरान अमेरिका ने ईरान के सामने अपनी तीन प्रमुख शर्तें रखी थीं। पहली और सबसे बड़ी मांग यह थी कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से बंद कर दे। दूसरी शर्त के तहत अमेरिका चाहता था कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही को 28 फरवरी से पहले की स्थिति की तरह सामान्य बनाया जाए। इसके अलावा, अमेरिका ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल का सैन्य अभियान जारी रहेगा। इन कड़े प्रस्तावों को लेकर ही दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन पाई।

आगे क्या होगा?

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि यह बातचीत 40 दिनों के युद्ध के बाद पैदा हुए अविश्वास के माहौल में हुई थी, इसलिए एक बार में समझौते की उम्मीद नहीं थी।

फिलहाल होर्मुज जलडमरूमध्य बंद है और जेडी वेंस वापस अमेरिका लौट रहे हैं।

वार्ता विफल होने के बाद अब क्षेत्र में फिर से तनाव बढ़ने और युद्ध शुरू होने की आशंका गहरा गई है।